●वर्ष : 16 ●अंक : 295 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 17 फरवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

समाचार

कौशांबी में अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत

कौशांबी। जिले के करारी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। करारी के थानाध्यक्ष विनीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचानपवन कुमार (25) निवासी ग्राम अह्लादपुर व संजय (24) निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना सराय अकिल के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पवन और संजय शनिवार देर रात बाइक पर सवार होकर बारात में करारी थाना क्षेत्र के शेसा गांव जा रहे थे। गुलामीपुर नहर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गयी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

लातूर जिले में वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़, महिला को मुक्त कराया गया

नूना न्यूज एजेंसी।

महाराष्ट्र। के लातूर जिले में पुलिस ने वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ करके एक महिला को मुक्त कराया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। औसा में एक लॉज से देह व्यापार होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने पुष्टि के लिए एक फर्जी ग्राहक को वहां पर भेजा और बाद में परिसर में छापा मारा। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने एक महिला को मुक्त कराया, जिसे अवैध व्यापार में धकेला गया था। उन्होंने कहा कि लॉज के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि वेश्यावृत्ति रैकेट में शामिल दो और लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

राजग बिहार में लौटेगा सत्ता में : केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी

बिहार। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने शनिवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता के दम पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में सत्ता में वापसी करेगा। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष और कौशल विकास मंत्री चौधरी ने कुछ सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यहां आए थे। उन्होंने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सुप्रीमो कुमार से मुलाकात की। चौधरी से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के हाल के इस दावे के बारे में पूछा गया था।

दिल्ली में सीएम बंगले को लेकर होगी जांच

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली में के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. दरअसल, सेंट्रल विजिलेंस कमिशन ने दिल्ली सीएम आवास के नवीनीकरण और लग्जरी चीजों की खरीद के लिए अरविंद केजरीवाल द्वारा कराए गए खर्च की जांच करने का आदेश दिया है. आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री आवास पर किए गए खर्च की शिकायत की थी. इस शिकायत पर ही कार्रवाई करते हुए ये आदेश जारी किए गए हैं. उश्उ ने सीपीडब्ल्यूडी को मुख्यमंत्री आवास में किए गए नवीनीकरण और लग्जरी पर किए गए खर्च की जांच करने को कहा है।

आपको बता दें कि विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भी इसे लेकर पत्र लिखा था. उन्होंने पत्र के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सरकारी आवास पर अवैध निर्माण और नियमों के घोर उल्लंघन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की थी. साथ उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से आग्रह किया था कि संपत्ति को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए और आस-पास की सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को बिना देरी के हटाया जाए।

एलजी को लिखे अपने पत्र में विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक धन का उपयोग कर-के अपने आधिकारिक आवास को शीश महल में बदल दिया, जो पूरी तरह से अवैध और अनैतिक था. ऐसे में संपत्ति को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए और आस-पास की सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को बिना देरी के हटाया जाए।

दिल्ली खजाने से करोड़ों रुपये खर्च

विजेंद्र गुप्ता ने पत्र में आगे लिखा था कि इस आलीशान हवेली को बनाने के लिए दिल्ली के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च किए गए, जबकि शहर के निवासी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं. पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक आम आदमी होने का दावा किया था, लेकिन उन्होंने खुद के लिए एक आलीशान महल बनाने के लिए सार्वजनिक धन का इस्तेमाल किया. अरविंद केजरीवाल ने लोगों की मेहनत की कमाई को अपने आलीशान महल पर बेरहमी से खर्च किया. यह न केवल भ्रष्टाचार है, बल्कि लोगों के साथ विश्वासघात भी है।

ज्वलंत मुद्दा सम्पादकीय

वोट बैंक के कारण भारी पड़ रहे हैं तुगलकी पंचायती फैसले

देश को अंग्रेजों से आजाद हुए 77 साल हो गए लेकिन कानून का राज अभी तक पूरी तरह कायम नहीं हो सका। राजनीतिक दलों के वोट बैंक के कारण जातिगत पंचायतें अभी भी कानून से इतर तुगलकी फरमान दे रही हैं। इन फरमानों के आगे शासन-प्रशासन बौने साबित हो रहे हैं। राजस्थान के करौली जिले में मीणा महासभा की महापंचायत ने लड़की पक्ष द्वारा विवाह से इंकार किए जाने पर ऐसा ही एक फरमान जारी कर दिया और प्रशासन मूक-बधिर बने खड़ा रहा। महापंचायत द्वारा गठित कमेटी ने रौंसी गांव के लड़की पक्ष के लोगों पर 11 लाख रुपए, रिश्ता तय करने में मध्यस्थ रहे दो जनों पर एक-एक लाख रुपए का दंड लगाया गया। साथ ही रौंसी गांव में लड़के पक्ष पर लगाए 11 लाख के दंड को महापंचायत ने खारिज दिया। साथ ही फैसला देने वाले रोंसी क्षेत्र के 5 लोगों को 1100 -1100 रुपए से दंडित कर 5 साल के लिए समाज की जाजम से बाहर करने की बात कही। जिन जनप्रतिनिधियों का काम कानून का शासन स्थापित कराना होता, वही कानून की धज्जियों उड़ाने वाले ऐसे आदिम फैसलों के समर्थन में खड़े नजर आए। इस महापंचायत में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर भी पहुंचे। आश्चर्य की बात यह है कि शांति व्यवस्था व महापंचायत पर नजर बनाए रखने के नाम पर 50-60 पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं कर सके। महापंचायत की मनमाने निर्णय पर सत्तारुढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने कोई एतराज नहीं जताया। मानवाधिकार आयोग को भी अधिकारों के हनन करने वाले ऐसे निर्णय नजर नहीं आते। राजस्थान ही नहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी जातिगत पंचायतें ऐसे फैसले सुनाती रही हैं। खाप पंचायतें अपने परंपरावादी फैसलों के लिए मशहूर रही हैं। मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में खाप महापंचायत ने साल 2014 में फरमान जारी कर लड़कियों के जींस पहनने, उनके फोन और इंटरनेट यूज करने पर बैन लगाया गया था। कुछ लड़कियों के घर से भागने के बाद समाधान के रूप में यह ऐलान किया गया था।

SYED ZAKI HAIDER

(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है: जेपी नड्डा

नूना न्यूज एजेंसी।

झज्जर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में 'एम्स ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025' का उद्घाटन किया. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें बड़ा सोचने के लिए प्रोत्साहित किया. उनके दूरदर्शी नेतृत्व में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' की शुरूआत की गई थी. आज, यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इस मिशन को और मजबूत करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, अब पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए पात्र हैं. जे.पी. नड्डा ने कहा कि मात्र छह वर्षों में एम्स झज्जर एक विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में उभरा है, जिसने चिकित्सा उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित किए हैं. उन्होंने संकाय सदस्यों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को बधाई दी, जिनके अथक प्रयासों ने इस संस्थान को प्रतिष्ठित और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवा के केंद्र में बदल दिया है।

योजना का गरीब लोगों को मिल रहा लाभ

उन्होंने कहा कि गरीब के घर में कैंसर का शब्द आते ही घर-दुकान सब बिक जाते थे. मरीज के परिजनों से कहा जाता था कि इनका ख्याल रखें. गरीब आदमी कभी यह सोच नहीं सकता था कि उसकी बाइपास सर्जरी होगी. लेकिन, आज यह सब संभव हो रहा है. 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है. इस योजना के तहत कैंसर जैसी बीमारी का इलाज भी किया जा रहा है।

दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन?

कल बीजेपी विधायकों की बैठक में हो जाएगा फैसला

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। में अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी आप की हार के बाद सबकी नजर इस बात पर है कि बीजेपी किसे दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाती है। सूत्रों के अनुसार, जानकारी मिली है कि सोमवार को दोपहर बाद बीजेपी विधायक दल की बैठक हो सकती है। इसके लिए बीजेपी आज रात या कल सुबह पर्यवेक्षकों के नाम की घोषणा कर सकती है। दिल्ली बीजेपी कार्यालय में ये बैठक हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का फैसला किया जा चुका है। इस पर मुहर कल दोपहर बाद तीन बजे तक हो सकती है। पार्टी सभी विधायकों के सामने सदन का नेता चुनेगी।

27 साल बाद दिल्ली में बीजेपी की सरकार

बीजेपी 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। ऐसे में बीजेपी की कोशिश ऐसे नेता को चुनने की है, जो सभी को साथ लेकर चल सके। साथ ही जो डेवलपमेंट के काम को टॉप स्पीड से बढ़ा सके. सीएम की रेस में बीजेपी के कई नेताओं का नाम चल रहा था। अरविंद केजरीवाल को हराकर प्रवेश वर्मा दिल्ली सीएम पद के सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। हालांकि, ये तय नहीं है कि सीएम फेस विधायकों में से ही कोई होगा या पार्टी का कोई नेता चेहरा बनेगा।

नीतीश ने भगदड़ में मारे गए बिहार के लोगों के परिजन के लिए की अनुग्रह राशि की घोषणा

नूना न्यूज एजेंसी।

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात हुई भगदड़ में लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने भगदड़ में मारे गए बिहार के लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया है। वह इस घटना में बिहार के लोगों की मौत से बहुत दुखी हैं और

उन्होंने मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी घटना पर शोक जताया है। चौधरी ने कहा, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना दिल दहला देने वाली है। इस घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस बीच, राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इस घटना को लेकर केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना की और रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, भगदड़ की घटना बहुत परेशान करने वाली है...इसने केंद्र सरकार द्वारा किए गए अपर्याप्त इंतजामों को उजागर कर दिया है। इस घटना के बाद रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है. राष्ट्रपति द्रौपदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ. मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों से प्रभावित सभी लोगों की सहायता करने को कहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ (जैसी स्थिति) से व्यथित हूं. मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्दी ठीक हो जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस स्थिति से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बनने से प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 पर अफरा-तफरी मच गई, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई. जबकि 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स' पर एक

पोस्ट में कहा कि स्टेशन पर स्थिति अब नियंत्रण में है, दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान मौके पर पहुंच गए हैंय उन्होंने कहा, घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और अचानक भीड़ से निपटने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। वहीं रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि अचानक भीड़ बढ़ने के कारण प्लेटफॉर्म पर यात्रियों ने एक-दूसरे को धक्का दिया, जिससे कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण कई यात्री दम घुटने के कारण बेहोश हो गए. एक यात्री धर्मेंद्र सिंह ने बताया, मैं प्रयागराज जा रहा था लेकिन कई ट्रेनें देरी से चल रही थीं या रद्द कर दी गई थीं. स्टेशन पर बहुत भीड़ थी. मैंने इस स्टेशन पर पहली बार इतनी भीड़ देखी. मेरे सामने ही छह-सात महिलाओं को स्ट्रेचर पर ले जाया गया। एक अन्य यात्री प्रमोद चौरसिया ने कहा, मेरे पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का स्लीपर क्लास का टिकट था, लेकिन कन्फर्म टिकट वाले भी ट्रेन में नहीं चढ़ पाए. मेरे एक दोस्त और एक महिला यात्री भीड़ में फंस गए. बहुत ज्यादा धक्का-मुक्की हुई। हम अपने बच्चों के साथ बाहर इंतजार करके सुरक्षित रहने में कामयाब रहे। पुलिस उपायुक्त (रेलवे) ने आधिकारिक बयान में बताया कि जब प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म संख्या 14 पर खड़ी थी तब वहां कई लोग मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस देरी से चल रही थीं और इन ट्रेनों के यात्री भी प्लेटफार्म नंबर 12, 13 और 14 पर मौजूद थे।

महाकुंभ में अव्यवस्था के कारण हो रहे सड़क हादसे: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर प्रहार करते हुए महाकुंभ में कुप्रबंधन का आरोप लगाया और वहां की यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुआवजे की मांग की है। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी बसों व अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें प्रतिदिन बढ़ रही हैं। जो बेहद दुखद है।ह्व सपा प्रमुख ने हादसों की वजह गिनाते हुए कहा, इसके पीछे मुख्य कारण ये है कि भारी जाम व अव्यवस्था के कारण चालकों की हालत बहुत खराब है। न उनकी थकान उतर रही है न नींद पूरी हो रही है। ऐसे में वो अर्द्ध निद्रा की अवस्था में वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। यादव ने सुझाव देते हुए कहा, साथ ही सड़कों पर पैदल चलनेवालों को बचाने की भी चुनौती है। इसलिए ध्यान भटकते ही मौतें हो रही हैं। इसका समाधान सिर्फ अच्छी व्यवस्था है, जो सरकार ही कर सकती है पर कर नहीं पा रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा, महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जिनकी भगदड़, हादसा या घुटन आदि कारणों से अलग-अलग जगहों पर मौत हुई है और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए। सपा प्रमुख ने कहा, सभी घायलों को उपचार के साथ-साथ क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए विभिन्न कोषों से पैसा उपलब्ध कराएं। जब अरबों रुपये प्रचार पर बहाये जा सकते हैं तो शोक संतप्त परिजनों के लिए सांत्वना के रूप में क्यों नहीं दिये जा सकते हैं।

अमेरिका से अमृतसर पहुंचते ही दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमृतसर। में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों का दूसरा जत्था आज अमृतसर पहुंचा। अमेरिका द्वारा निकाले गए इस जत्थे में 116 भारतीय शामिल थे, जिनमें हत्या के मामले में फरार चल रहे दो युवक भी शामिल थे। अमृतसर पहुंचते ही पुलिस ने पटियाला जिले के राजपुरा से इन दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नानक सिंह ने अमृतसर हवाई अड्डे से उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी संदीप सिंह उर्फ ??सनी और प्रदीप सिंह 2023 में दर्ज एक हत्या के मामले में वांछित थे। राजपुरा में जून 2023 में संदीप और चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान संदीप के एक अन्य साथी प्रदीप का नाम एफआईआर में जोड़ा गया। राजपुरा

थाने के एसएचओ के नेतृत्व में एक टीम शनिवार को दोनों को गिरफ्तार करने के लिए अमृतसर हवाई अड्डे पर भेजी गई। पंजाब के 65 लोगों सहित 116 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान शनिवार रात 11.35 बजे अमृतसर पहुंचा। अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के तहत 5 फरवरी के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्वासित किया जाने वाला यह भारतीयों का दूसरा जत्था था।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत अत्यंत हृदयविदारक: ममता

पश्चिम बंगाल। की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और लोगों की सुरक्षा के लिए सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के इस भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली (नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन)भगदड़ में 18 लोगों की दुखद मौत अत्यंत हृदयविदारक है। यह दर्दनाक घटना सावधानीपूर्वक योजना

और प्रबंधन के महत्व को उजागर करती है, खासकर जब बात नागरिकों की सुरक्षा की हो। उन्होंने कहा, महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों को उचित सहायता और सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि परेशानी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऐसी यात्राएं सुरक्षित और सुव्यवस्थित हों। ममता ने कहा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

अति महत्वपूर्ण जामिया मिलिया इस्लामिया का बयान

नई दिल्ली। 16 फरवरी मौजूदा घटनाक्रम जामिया मिलिया इस्लामिया के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। पिछले 4-5 दिनों से कुछ व्यक्ति और असामाजिक तत्व अपने सोशल मीडिया अकाउंट और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग करके भ्रामक, अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण संदेश और मनगढ़ंत वीडियो फैलाकर विश्वविद्यालय और उसके छात्रों की छवि को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन व्यक्तियों और संगठनों ने, जिनका विश्विद्यालय से कोई लेना-देना नहीं है, वे विश्वविद्यालय की दीवारों और गेटों पर निलंबित छात्रों की तस्वीरें और विवरण भी सार्वजनिक कर दिए है। विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी मिलने के उपरांत तुरंत ही इन तस्वीरों को दीवारों से हटा दिया। विश्वविद्यालय ऐसे पतित और गैर-जिम्मेदाराना कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और 104 साल पुराने संस्थान की गौरवमय छवि को धूमिल करने के स्पष्ट इरादे से झूठी और अपमानजनक जानकारी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सभी आवश्यक वैधानिक और कानून सम्मत कार्रवाई करेगा। विश्वविद्यालय द्वारा 13.02.2025 को जारी आधिकारिक बयान में यह स्पष्ट किया गया कि मुट्ठी भर प्रदर्शनकारी छात्र बिना किसी सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लिए परिसर के शैक्षणिक ब्लॉक में गैरकानूनी रूप से एकत्र हुए थे और कक्षाओं के संचालन और केंद्रीय पुस्तकालय तक पहुंच में बाधा डाल रहे थे, इसके अलावा, विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे। यह विश्वविद्यालय की नियमों में रेखांकित है कि जेएमआई के विभागों और केंद्रों द्वारा आयोजित किसी भी शैक्षणिक सम्मेलन / कार्यशाला / सेमिनार को भी सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। इसके बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए अपने दरवाजे खुले रखे थे, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार करने और किसी भी चर्चा के लिए आगे आने से इनकार कर दिया। इसी आलोक में विश्वविद्यालय प्रशासन, युवा, संवेदनशील दिमाग पर गलत सूचना के प्रतिकूल प्रभाव का पूरा संज्ञान लेते हुए, अपने सभी छात्रों को इन फर्जी संदेशों और भ्रामक अफवाहों का शिकार न होने का सलाह देता है और उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और आगामी मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेने की सलाह देता है। यह भी इंगित करना आवश्यक है कि विश्वविद्यालय समय सारिणी के अनुसार नियमित रूप से कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा, निलंबित छात्रों की तस्वीरें और अन्य विवरण सार्वजनिक करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले की जांच करने, तथ्यों का पता लगाने और इसमें शामिल असामाजिक तत्व, व्यक्तियों या संगठनों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए एक समिति गठित की है। विश्वविद्यालय अपने सभी छात्रों और शिक्षकों के हित में शांतिपूर्ण शैक्षणिक माहौल की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जो कल रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ वो हादसा नहीं नरसंहार है

नई दिल्ली। वहाँ का मंजर देखकर दिल दहल गया. आस्था और विश्वास से भरे श्रद्धालु कुंभ की ट्रेन पकड़ने के किए आए तो जरूर लेकिन प्रशासन की नाकामी से ना सिर्फ. भगदड़ मची बल्कि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की तड़प तड़प कर वहीं मौत हो गई. इसमें 9 महिलाएं, 4 पुरुष, 5 बच्चे शामिल हैं।

* विजयः 15 साल
* नीरजः 12 साल
* पूजाः 8 साल
* रियाः 7 साल

जो चश्मदीद गवाह बता रहे हैं, वो सुनकर रोंगटे खड़े हो रहे हैं. उस भीड़ से कुली भाइयों ने शवों को लाद लादकर बाहर निकाला, फिर अस्पतालों में एक ही जगह लाशों का अंबार लगा था और असहाय लोगों के चेहरों पर अपनों को खोने के दुख के साथ ही साथ दहशत और डर साफ नजर आया पर ये हादसा नहीं नरसंहार है - यह श्रद्धालुओं की हत्या है और इसके बाद जो हुआ वो शर्मनाक है, कलंक है. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई मौतों में जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी हैं - रेल मंत्री इस्तीफा देने के बजाय बेशर्मी पर उतर आए. बात लीपा पोती से शुरू की और उसके बाद बेशर्मी पर आमादा हैं। जब लोग भगदड़ से मर रहे थे तो रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौत छिपाने में जुट गए थे। पर इनकी ये बेशर्मी नई नहीं है, यही काम ये बार बार करते हैं. कोई भी ट्रेन हादसा हो, ये उसे छोटी घटना बता कर किनारा कर लेते हैं. इनका पूरा फोकस मृतकों के आंकड़ें छिपाने और रील बनाने पर रहता है. लेकिन कल रात इन्होंने सारी हदें पार कर दीं। जब मृतकों के परिवार वाले सच बयां करने लगे तब रेलवे पुलिस पत्रकारों को धमकाने डराने में जुट गई. जिस तंत्र को श्रद्धालुओं को सही सलामत रेल से कुंभ पहुंचाना चाहिए था वो खबर दबाने, मौत के आंकड़ों को कम करने, लोगों की आपबीती नकारने में जुट गया। कुछ रिपोर्टर्स के फोन जब्त किए जाने, जबरन फुटेज डिलीट करने और रेलवे स्टेशन से खबर ना दिखाने के भी वीडियो सामने आए हैं. यही नहीं महिला रिपोर्टर के आईडी तक छीने गए - बस ऊपर से एक आदेश था हर कीमत पर सच पर पर्दा डालना था।

रोटरी क्लब ऑफ नोएडा के तीन दिवसीय "उड़ान प्रोजेक्ट" का दिव्यांगार्थ शुभारंभ

(हरेश उपाध्याय)

नोएडाः- आज रोटरी क्लब ऑफ नोएडा के तीन दिवसीय "उड़ान प्रोजेक्ट" शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन शरद जैन और विशिष्ट अतिथि मनीष वर्मा जिलाधिकारी गौतम बुधनगर द्वारा किया गया। इस शिविर में रोटरी क्लब ऑफ नोएडा और तिरुपति आई सेंटर की अध्यक्ष डॉक्टर मोहिता शर्मा व उड़ान प्रोजेक्ट के चेयरपर्सन रोटेरियन राम ग्रोवर,आशुतोष सिंघल व अलका गुप्ता चोपड़ा व शर्मिला ग्रोवर व त्रिलोक शर्मा,अभिमन्यु माथुर व दीपक भार्गव व सरिता भार्गव,अनूप जरत मुख्य रूप से मौजूद रहे,ज्ञातव्य हो कि उड़ान प्रोजेक्ट का रोटरी क्लब,नोएडा गत 5 वर्षों से आयोजन करता चला आ रहा है व इसमें दिव्यांगाजनों के हाथ-पैर लगाए जाते हैं।गौरतलब है कि उड़ान प्रोजेक्ट से विकलांग लोगों के जीवन में बदलाव आया है और विकलांगजन,अब आत्म- विश्वास से,सक्षम जिंदगी जी रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब की नोएडा में बहुत अच्छी पहल है और इसमें शासन व प्रशासन अपना सपोर्ट दे रहा है व आगे भी देता रहेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ नोएडा की अध्यक्ष डॉ० मोहिता शर्मा ने कहा कि इस साल करीब 400 विकलांग, इस प्रोजेक्ट से लाभान्वित होंगे। कैंप तीन दिन 16,17 व 18 फरवरी तक आई०एम०ए०हाउस रोटरी नोएडा ब्लड सेंटर सेक्टर- 31 में आयोजित हो रहा है और इस कैंप में उत्तरी भारत के कई प्रदेश से लाभार्थी आए हैं और उनके रहने खाने पीने की भी व्यवस्था है।इस कैंप में,जिन विकलांगजनों को हाथ या पैर लगवाना होता है,उनका पहले माप लिया जाता है,उन्हें ट्रेनिंग भी दी जाती है।ज्ञातव्य हो कि यह प्रोजेक्ट रोटरी क्लब नोएडा और अन्य संस्थाओं के सहयोग से मिलकर काम कर रहा है, ये संस्थाएं हैं:स्पार्क मिंडा फाउंडेशन, एलन मीडोज फाउंडेशन व रोटरी क्लब का पुणे डाउनटाउन और इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटेरियन राम ग्रोवर है,के साथ सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग व रोटेरियन शशांक अग्रवाल द्वारा भी इस प्रोजेक्ट को आर्थिक सपोर्ट मिल रहा है। राम ग्रोवर ने बताया कि इस वर्ष भी यही प्रयास है कि अधिसंख्य विकलांग जन इस प्रोजेक्ट से लाभान्वित हो सके।

इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की राज्य कार्यकारणी को किया तत्काल प्रभाव से भंग

नई दिल्ली ! अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। ज्ञात रहे कांग्रेस के तेजतर्रार नेता इमरान प्रतापगढ़ी राज्यसभा सांसद होने के साथ साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं और इमरान प्रतापगढ़ी की कयादत में अल्पसंख्यक विभाग ने बहुत तेजी से नई ऊंचाइयों को छुआ है और सारे देश में अल्पसंख्यक विभाग का जनाधार बहुत तेजी से बढ़ा है कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया प्रभारी अदनान अशरफ ने बताया कि राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारणी को भंग कर दिया है और उनके इस आदेश से प्रदेश,ज़िला और शहर कार्यकारिणी भी भंग हो गई हैं। ज्ञात रहे सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान से कहा है कि जल्द से जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए और सक्रिय कार्यकताओं, महिलाओं, युवाओं को नई कमेटी में स्थान दिया जाए जिससे उत्तर प्रदेश में भी विभाग को मजबूती प्रदान की जा सके।

सपा नेता की गिरफ्तारी के विरोध में ज्ञापन दिया

लखनऊ, फरवरी : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमण्डल ने पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सिंह सेंगर से मिलकर द्वेषवश की गई गिरफ्तारी का विरोध किया। सपा नेताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने समाजवादी पार्टी के नेताओं का उत्पीड़न बंद करने और समाजवादी पार्टी की छवि खराब करने के विरोध में पुलिस कमिश्नर लखनऊ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, फाकिर सिद्दीकी महानगर अध्यक्ष, पूजा शुक्ला पूर्व प्रत्याशी उत्तरी विधान सभा लखनऊ, शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, सुशील दीक्षित पूर्व महानगर अध्यक्ष, इरशाद अहमद गुड्डू नगर महासचिव, सौरभ यादव पूर्व नगर महासचिव, प्रदीप कनौजिया प्रदेश सचिव, शफाहत हुसैनी उपाध्यक्ष महानगर एवं शाह आलम प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा शामिल रहे। इससे पूर्व कल थाना सुशांत गोल्फ सिटी पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने धरना भी दिया था।

भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के समापन पर भारत ने वैश्विक ऊर्जा नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की

नई दिल्ली, फरवरी : पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 की अभूतपूर्व सफलता पर प्रकाश डाला। इसमें प्रतिभागियों और प्रदर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई तथा तकनीकी शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। मंत्री ने कहा कि इस आयोजन ने पैट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, हरित ऊर्जा, जैव ईंधन और सीबीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करके उल्लेखनीय रूप से अपेक्षाओं से अधिक अभिनव विकास को दशार्या है। पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि तीन वर्षों की अल्पावधि में ही भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को विश्व के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित कर लिया है। इसका चौथा संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा सप्ताह ने केवल नैटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करने के बजाय वास्तविक और व्यावसायिक लेनदेन को सुविधाजनक बनाकर अन्य वैश्विक ऊर्जा मंचों से खुद को अलग किया है। हरदीप सिंह पुरी ने विशेष रूप से व्यावहारिक नवाचारों का उल्लेख किया कि एचपीसीएल स्टॉल पर प्रदर्शित लागत प्रभावी रूपांतरण किट, जिसे दो और तीन पहिया वाहनों में जैव ईंधन के उपयोग को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा से ज्यादा कीमती यह देश का लुटेरा अडानी है

दिल्ली। दि. 16 फरवरी, 2025ः भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के विचार विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ.जया शुक्ला ने अत्यन्त आक्रोश और दुःख के साथ अमरीका मेँ प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई मेँ अभी गये भारतीय विदेश मंत्रालय के पूरे समूह को जान-बूझकर मक्खी निगलने वाले फर्जी राष्ट्रवादी कहा।

डॉ.शुक्ला ने कहा कि यह सर्वविदित है कि अमेरिकी रक्षाविभाग, उनका पेंटागन, उनके ही राष्ट्रपति ट्रंप के मित्र एलन मस्क, तथा रक्षाविशेषज्ञों केअनुसार, अमेरिकी जेटफाइटर प्लेन F-35 अब कबाड़ की श्रेणी मेँ हैं। फिर भी श्री मोदी वहाँ जाकर इस कबाड़ को, और वह भी बेहद अविश्वसनीय महँगे दामोँ पर भारत को लुटवाते हुए, खरीदने का सौदा कर आये। डॉ.शुक्ला ने बताया कि यह अमरीकी जेटफाइटर विमान प्रतिद्वंद्वी रूसी लड़ाकू जेटविमान रव-57 से दोगुने से भी करीब 10 मिलियनडॉलर ज्यादा महंगा भीहै। उन्होंने 5वीं पीढ़ी के इन दोनों जेट विमानों का संक्षिप्त तुलनात्मक विवरणभी दिया है, जो निम्न हैः–

* अमेरिकी F-35–

कीमत : 80 मिलियन डॉलर; गति : मैक 1.6; रेंज : 2000+ किमी; तकनीकी हस्तांतरण : नहीं ।

* रूसी SU-57

कीमत : 35 मिलियन डॉलर; गति : मैक 2; रेंज : 3500+ किमी; तकनीकी हस्तांतरण : हाँ ?

(1 मैक = ध्वनिकी गति प्त1,235 किमी/घंटा)

डॉ. शुक्ला ने दुःखी होकर याद दिलवाया कि जब राफेल विमानों का सौदा फ्राँस की कम्पनी दसाँ से किया गया था, तब उनके रखरखाव का ठेका रक्षाक्षेत्र में शून्य अनुभव वाली और कुछ ही दिनों पहले सिर्फ कागजोंमें बनाई गई अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस डिफेंस को फ्रांसीसी कम्पनी दसाँ की आपत्ति और हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सरकारी कंपनी एचएएल को किनारे करके दिया गया था। उस दौरान भी रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना और रक्षाविभाग की समिति, नियम, कानून और परंपराको दरकिनार कर सौदा कर लिया था। ठीक उसी तर्ज पर इस कबाड़ को रूसी रव-57 से कहीं ज्यादा कीमत पर खरीदा जारहा है। डॉ.शुक्ला ने स्पष्ट आरोप लगाया कि दिलचस्पी अडाणीको बचानेके लिए दिखाई जा रही है। क्या हमारी वायुसेनाके वीरजवानोँ की जान और राष्ट्रीय सुरक्षा से ज्यादा कीमती यह देशका लुटेरा अडानी है।

अरबों साल पुराने दुर्लभ हीरे से बनी शाश्वत अंगूठियां को तनिष्क ने पेश किया

नई दिल्ली, फरवरी : तनिष्क, भारत के सबसे बड़े आभूषण ब्रांड और टाटा समूह के सदस्य, ने डी बीयर्स के सहयोग से सोलमेट डायमंड पेयर लॉन्च किया है, जो प्रेम और प्रतिबद्धता का एक अनोखा प्रतीक है। यह कपल रिंग का एक दुर्लभ सेट है, जिसमें दो अंगूठियां एक ही प्राकृतिक हीरे से बनी हैं, जो दो आत्माओं के बीच अटूट बंधन का प्रतीक हैं। दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस कलेक्शन का भव्य अनावरण किया गया, जिससे तनिष्क और डी बीयर्स के बीच साझेदारी और भी मजबूत हुई। यह कलैक्शन वैलेंटाइन्स डे और रियल डायमंड एंगेजमेंट रिंग्स के इस सीजन के लिए परफेक्ट है, जो शादी, सगाई, सालगिरह और विशेष अवसरों को यादगार बनाएगा।

कपालमोचन में 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम

छछरौली, फरवरी : संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास जी महाराज के 648वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 16 फरवरी को डेरा बाबा लालदास कपालमोचन में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला यमुनानगर के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल, उत्तरप्रदेश, जम्मू, उत्तराखंड के अलावा देश के अन्य कई राज्यों से गुरु प्रेमी शिरकत करेंगे। इस पावन अवसर पर अम्बाला के सासंद वरुण चौधरी, जगाधरी के विधायक चौधरी अकरम खान व पब्लिक हैल्थ विभाग के चीफ इंजिनियर देवेंद्र दहिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वहीं इस अवसर पर जिला अटार्नी यमुनानगर धर्म चंद, (सेवानिवृत) डीएसपी सुभाष बुक्कल, पब्लिक हैल्थ विभाग यमुनानगर के उप अधीक्षक गुरमेल सिंह, पूर्व बैंक मैनेजर यूनियन बैंक प्रभा सागर व डॉ. बनारसी दास जगाधरी सुबह 10 बजे डेरा बाबा लालदास कपालमोचन में ज्योति प्रज्वलित करेंगे। डेरा बाबा लालदास कपालमोचन के डेरा प्रबंधक अनरनाथ ग्यासडा ने बताया कि हर साल श्री गुरू रविदास जी के प्रकाशोत्सव के बाद में आने वाले प्रथम रविवार को डेरा बाबा लालदास कपालमोचन में श्री गुरू रविदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेशस्तरीय संयुक्त भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होते है। इस मौके पर स्टेज संचालक मास्टर रमेश कुमार, पूर्व बैंक मैनेजर रामचंद्र बिलासपुर, पूर्व बैंक मैनेजर श्याम लाल, पूर्व अध्यक्ष महिंद्रपाल नागरा, इन्द्रसेन जगाधरी, रामकिसन, स्वर्ण लाल, राज कुमार, ताराचंद, निर्मल सिंह अम्बाला समेत सभा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर कपालमोचन में की गई तैयारियों का दृश्य।

हर किसी को संगीत और प्रदर्शन कला सीखने का मिलेगा मौका, वंचितों को दी जाएगी छात्रवृत्ति

नई दिल्ली, फरवरी : बुक माय शो फाउंडेशन ने बुक अ चेंज की शुरुआत की है, जो संगीत और प्रदर्शन कला के जरिए जरूरतमंद प्रतिभाओं की जिंदगी संवारने के लिए समर्पित है। 2014 में बुक माय शो ने इसे बुक अ स्माइल के रूप में शुरू किया था, जो अब बुक अ चेंज बन गया है। इसका मकसद संगीत और प्रदर्शन कला को सबके लिए सुलभ बनाना है, ताकि जरूरतमंद लोग और समुदाय इससे लाभ उठा सकें। यह पहल भविष्य के कलाकारों को प्रेरित करने और संवारने के लिए समर्पित है। बुक अ चेंज सिर्फ.संगीत और कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देता है। इसका लक्ष्य जिम्मेदारी, आत्म-सम्मान, सहानुभूति, उद्देश्य और लचीलापन जैसे गुण विकसित कर, एक बेहतर और सशक्त व्यक्तित्व तैयार करना है। बुक अ चेंज ने 500 संगीत छात्रवृत्तियों की घोषणा की है, जिससे जरूरतमंद लेकिन प्रतिभाशाली लोगों को सशक्त बनाया जाएगा। यह छात्रवृत्तियां छात्रों और सड़क कलाकारों को मान्यता प्राप्त संस्थानों में संगीत और संगीत व्यवसाय की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेंगी। बुक अ चेंज की छात्रवृत्ति में इंस्ट्रुमेंटल, वोकल्स, ऑडियो प्रोडक्शन, म्यूजिक बिजनेस और सोंग राइटिंग की सहायता भी प्रदान करेगी। बुक अ चेंज जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक मदद देगा।

दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू, कचरा हटाने के लिए नदी में उतारी गई बड़ी मशीनें

दिल्ली। विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे के बाद आज से यमुना नदी की सफाई शुरू हो गई है। रविवार को ट्रैश स्कीमर, वीड हार्वेस्टर और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट जैसी मशीनों से यमुना नदी की सफाई शुरू की गई। बता दें, पीएम मोदी ने कहा था कि दिल्ली चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सबसे पहले यमुना नदी की सफाई करेगी। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने यमुना नदी की सफाई की जानकारी देते हुए कहा, 'मुना नदी की सफाई का काम पहले ही शुरू हो चुका है। कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट आज से नदी में सफाई अभियान शुरू कर चुके हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कल मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव (आई एंड एफसी) से मुलाकात की और उन्हें तुरंत काम शुरू करने को कहा था। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने आगे बताया कि उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए चार-आयामी रणनीति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि पहली रणनीति में, यमुना नदी की धारा में मौजूद कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। दूसरी रणनीति में, नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। तीसरी रणनीति में, मौजूदा एसटीपी की क्षमता और आउटपुट के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी। चौथी रणनीति में, लगभग 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी/डीएसटीपी आदि के निर्माण के संदर्भ में एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे चालू किया जाएगा। कार्यालय ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना को पूरा करने के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच तालमेल पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'लगभग 3 वर्षों में नदी को साफ करने का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी, जिसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने भी इस संबंध में एक विस्तृत योजना बनाई है। शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालियों में अशोधित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन मामले में प्राथमिकी को लेकर पुलिस के संपर्क में: डीएमआरसी

दिल्ली। मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने शनिवार को कहा कि उसने सोशल मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें जामिया मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर लोग स्वचालित किराया संग्रह द्वार (एएफसी) को फांदकर पार करते हुए नजर आ रहे हैं। डीएमआरसी ने कहा कि वह प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस के संपर्क में है। यह घटना 13 फरवरी को डीएमआरसी की वॉयलेट लाइन पर हुई। वीडियो में बड़ी संख्या में लोगों को स्वचालित किराया संग्रह द्वार को फांदकर पार करते हुए देखा जा सकता है। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर इस कृत्य की रिकार्डिंग कर ली। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट संचार) अनुज दयाल ने कहा, बृहस्पतिवार शाम कुछ समय के लिए यात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई थी और उनमें से कुछ लोग एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकल गए थे। उन्होंने कहा कि यात्रियों को परामर्श देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त संख्या में थे तथा स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एएफसी गेट के पास अचानक भीड़ बढ़ने के कारण कुछ यात्रियों की यह क्षणिक प्रतिक्रिया थी। दयाल ने कहा, ह्यह्य हालांकि, डीएमआरसी ने इस मामले का आवश्यक संज्ञान लिया है क्योंकि यह कानून और व्यवस्था का उल्लंघन है। इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जा रही है। डीएमआरसी प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर रही है।

महाकुम्भ में होगा बर्ड फैस्टीवल का आयोजन

लखनऊ, फरवरी : उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुम्भ-2025 में जलवायु सम्मेलन व बर्ड फैस्टीवल के आयोजन का फैसला किया है। इस सम्मेलन के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की देखरेख मे 16 फरवरी होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। 16 फरवरी को महाकुम्भ में 'कुम्भ की आस्था व जलवायु परिवर्तन' विषय पर जलवायु सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सम्मेलन में धर्मगुरु, पर्यावरणविद्, अनेक सामाजिक संगठन, उद्योग व व्यापारिक जगत के साथ ही गणमान्य नागरिक भी रहेंगे। इसके अलावा संगम तट पर होने वाले बर्ड फेस्टिवल का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है। इस बार आयोजित होने वाले नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल-2025 का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है। भारतीय स्किमर नदियों के स्वास्थ्य का संकेत देने वाला महत्वपूर्ण पक्षी है। यह पक्षी नदी, झीलों और मुहानों के किनारे बसे दलदली क्षेत्रों में पाया जाता है। इसकी मुख्य विशेषता काले व सफेद पंखों के साथ नारंगी रंग की चोंच होती है, जिसका निचला भाग ऊपरी भाग से लंबा होता है। इससे यह पानी की सतह पर उड़ते हुए आसानी से शिकार पकड़ सकता है। इसीलिए स्थानीय भाषा में इस पक्षी को पंचीरा के नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पक्षी गंगा, यमुना व चंबल नदियों के किनारे प्रजनन करता है। उत्तर प्रदेश में स्किमर पक्षी की संख्या लगभग एक हजार है। इस सबंध में बर्ड फेस्ट के नोडल अधिकारी ललित वर्मा ने बताया कि इस बार बर्ड फेस्टिवल का मैसकट इंडियन स्किमर है। संयोग से यह संगम में भी पाई जाती है। स्किमर के संवर्धन व संरक्षण पर सबका ध्यान आकृष्ट करने के लिए इसे बर्ड फेस्टिवल का मैसकट बनाया गया है। बर्ड फेस्टिवल की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। ज्ञात रहे कि उत्तर प्रदेश में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन निरंतर हो रहा है। हर बार यह आयोजन अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। 2017 में दुधवा टाइगर रिजर्व पीलीभीत, 2019 में नवाबगंज पक्षी बिहार उन्नाव, 2020 में सूरसरोवर पक्षी बिहार कीठम-आगरा, 2021 में ओखला पक्षी बिहार गौतमबुद्धर नगर में बर्ड फैस्टीवल का आयोजन किया गया। कोरोना के कारण 2022 में यह आयोजन नहीं हो सका। 2023 में विजय सागर पक्षी विहार, महोबा और 2024 में यह आयोजन सूरजपुर वेटलैंड में आयोजित किया गया। इस बार यह आयोजन महाकुम्भ, प्रयागराज में होगा।

समाचार

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आईटीआई परिषद द्वारा सुदेश यादव को रामपुर जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के रामपुर जिले के जिला अध्यक्ष पद पर सुदेश यादव को मनोनीत किया गया, बताते चले कि रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट एवं उनकी टीम ने रामपुर पहुंचकर रामपुर निवासी सुदेश यादव को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद रामपुर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रमाण पत्र दिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव ने सुदेश यादव से जल्द ही अपनी टीम का गठन करने तथा संगठन के प्रति ईमानदारी तथा निष्ठा पूर्वक कार्य करने की आशा व्यक्त की है, वही नवनियुक्त रामपुर जिला अध्यक्ष सुदेश यादव ने कहा कि परिषद द्वारा जो दायित्व दिया गया है मैं उसे ईमानदारी तथा निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा एवं नियमों का पालन करता रहूंगा, इस मौके पर मुख्य रूप से दीनदयाल यादव एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष, रामपुर जिला अध्यक्ष सुदेश यादव, नीरज कुमार गर्ग, अमित कुमार गुप्ता, सरदार हरिश्चंद्र सिंह, श्रीमती रजनी गौतम, श्रीमती अनीता गोला आदि मौजूद रहे।

नवनिर्मित गुरुद्वारा भवन में स्थापित हुए गुरु ग्रंथ साहिब

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को नगर में श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हसनपुर के द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब को नवनिर्मित गुरुद्वारा भवन में बैंड बाजे के साथ लाकर स्थापित किया गया, बताते चलें कि गुरुद्वारा भवन का नवीनीकरण चल रहा था तथा रविवार को नवीनीकरण पूर्ण होने के पश्चात विधि विधान के अनुसार बैंड बाजे के साथ गुरु ग्रंथ साहिब को नवनिर्मित गुरुद्वारा भवन में स्थापित किया गया, इस बीच रास्ते में सिख समाज ने फूल बरसते हुए उनका स्वागत किया तथा गुरुद्वारा भवन में पहुंचने के बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया इस मौके पर हसनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लिया, वही रविवार की शाम को 7 बजे से गुरु ग्रंथ साहिब जी की कथा हुई तथा कीर्तन भी किया गया एवं उसके उपरांत गुरु दा लंगर बरताया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जोगिंदर चावला, हरजीत चावला, महेंद्र चावला, कुलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, हरजीत सिंह, चरणजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सविता चावला, रश्मि चावला, रेनू चावला, सिमरन कौर, एकता कौर, मनजीत कौर, जसप्रीत कौर, सोनू कौर, सरदार टीटे सिंह, नोनू, राजा आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नाबालिग युवक को मोबाइल चोरी के शक में पेड़ से बांधकर जम कर पीटा, पुलिस जांच में जुटी

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी
अमरोहा

हसनपुर। रविवार को तहसील क्षेत्र के थाना सैद नंगली में एक नाबालिक युवक को मोबाइल चोरी के शक में ग्रामीणों ने पहले पेड़ से बांधकर पीटा फिर पंखे में रस्सी डालकर बेड पर खड़ा कर के जमकर पीटा, इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वहीं पुलिस जांच में लगी हुई है, बताते चलें कि मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना ग्राम भदौरा की बताई जा रही है जहां पर कुछ ग्रामीण एक नाबालिक युवक को मोबाइल चोरी के शक में जमकर पीटते हुए नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी विडियो में ग्रामीण एक कमरे में पंखे में रस्सी डालकर युवक के हाथ बांधकर बेड पर खड़ा करके पीटते हुए नजर आ रहे हैं, इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है, इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया गया है तथा वीडियो की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी ताकि ऐसी घटना भविष्य में दोबारा घटित ना हो।

महाशिवरात्रि को लेकर कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अमन कमेटी की बैठक कोतवाली प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ यात्रा सुगम एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए विचार विमर्श किया गया, इस मौके पर व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता ने सुझाव रखते हुए कहा कि कांवरियों के गुजरने वाले मार्ग पर विद्युत पोलों में पॉलिथिन बांधी जाए जिससे करंट का खतरा ना हो,तथा सड़कों की पैच वर्किंग की जाए, वहीं व्यापारी नेता सचिन गुप्ता ने शहर के मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शाओं की एंट्री बैन किए जाने तथा कान फोडू पटाखा छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल पर पाबंदी लगाई जाने की बात कही, उधर व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल ने महाशिवरात्रि पर शिवाला मंदिर के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर अवगत कराया वहीं बैठक में भंडारा आयोजको को भी आमंत्रित किया गया था भंडारा आयोजको द्वारा परमिशन के नाम पर परेशान किए जाने की बात कही गई, जिस के उत्तर में उप जिला अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने कहा कि परमिशन लेनी आवश्यक है तथा इस बार परमिशन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, वहीं उन्होंने भंडारा आयोजनों से प्लास्टिक एवं थमाकोल के बर्तन प्रयोग नहीं करने की भी बात कही, वही पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने कहा कि शरारती तत्व के संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें तथा महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण और सोहारद पूर्ण रूप से मनाएं, वहीं उन्होंने डीजे की आवाज को कोर्ट के निदेर्शानुसार लिमिट में चलने की बात कही, इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, मुकेश अग्रवाल, संजय टाटा, विवेक शर्मा, अतुल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अंकुर प्रजापति, शाहनवाज अंसारी, हम्जा अली, मुन्ना चौहान, मोहनिस अंसारी, राकेश अग्रवाल, विनोद भोज आदि सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महाकुंभ मेले को देखते हुए लखनऊ रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा, पुलिस ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

लोकतंत्र की शान संवाददाता (देवेंद्र शर्मा)



महाकुंभ। मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए लखनऊ पुलिस ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में हुई भगदड़ की घटना के बाद लखनऊ में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली कमान ज्वाइंट CP (लॉ एंड ऑर्डर) और DCP सेंट्रल के नेतृत्व में GRP और RPF के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म का निरीक्षण किया और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। साथ ही, भीड़ प्रबंधन को सुचारू बनाने के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों की सूची भी तैयार की गई है। CCTV मॉनिटरिंग और कड़ी निगरानी स्टेशन पर लगे CCTV कैमरों की जांच की गई और सभी प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों ने स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। महाकुंभ में आस्था की डुबकी के लिए उमड़ी भीड़ महाकुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है, जिसे देखते हुए सुरक्षा प्रबंधों को और भी सख्त किया गया है। लखनऊ पुलिस द्वारा की गई यह पहल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ-साथ भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुई राज्यपाल, कहा: वर्षों तक नहीं भूल पाएंगे दिव्य अनुभव

महाकुम्भनगर, 16 फरवरी। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम में रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुम्भ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुई राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है।

योगी सरकार व स्थानीय प्रशासन के प्रयासों को राज्यपाल ने सराहा

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है।

हमारी एकता ही देश की अखंडता का आधार : योगी आदित्यनाथ

महाकुम्भ नगर, 16 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ के महत्व और सनातन धर्म की महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ ने हमें एकता का संदेश दिया है। यह संदेश हमें अखंड रहने की प्रेरणा देता है। हमारी एकता ही देश की अखंडता का आधार है। जब भारत अखंड और सुरक्षित रहेगा, तभी हमारे धर्मस्थल, पर्व-त्योहार, मठ-मंदिर, हमारी बेटियां और बहनें सुरक्षित रहेंगी।

गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं...

योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म के प्रति गर्व की भावना व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के हमें सनातन धर्म के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं। हिंदू होने का अर्थ केवल मनुष्यों के कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण चराचर जगत की सुरक्षा की गारंटी देता है। यही संदेश महाकुम्भ भी दे रहा है।

महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर संत गदगद, सीएम योगी आदित्यनाथ को दिया श्रेय



महाकुम्भ नगर, 16 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा है, जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुम्भ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे।

उत्तर प्रदेश ने कठिन कार्य को भी सरलतापूर्वक बनाया संभव: नितिन गडकरी

महाकुम्भनगर, 16 फरवरी। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में, रविवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का साक्षात्कार करना चाहते हैं।

महाकुम्भ का कीर्तिमान, सनातन की सुनामी

महाकुम्भ नगर, 16 फरवरी। पावन संगम की धर्मधरा में धर्म, अध्यात्म एवं आस्था के महासंगम प्रयागराज महाकुम्भ में रविवार तक करीब 52 करोड़ लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं। मात्र 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन से इतिहास बन गया है। यह भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय एकता की मिसाल है। सनातन के इस विराट दर्शन के अलग-अलग निहितार्थ साधु समाज, धमार्चार्य और शोध संस्थान बता रहे हैं।

धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल

संगम नगरी प्रयागराज की धरती पर 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य व नव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ 2025' इतिहास रच चुका है। महाकुम्भ के समापन के पूर्व ही 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। साधु संत और धमार्चार्य इस उपलब्धि को सनातन की बता रहे हैं। सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़ों में सबसे पहले अस्तित्व में आए श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी का कहना है कि महाकुम्भ में उमड़ा जन आस्था का यह सैलाब सनातन धर्म की सुनामी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि यह महाकुम्भ धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन गया है।

युवाओं की बढ़ी सहभागिता में सीएम योगी की भूमिका

भारत के इस विराट समागम में महाकुम्भ के समापन के 12 दिन पहले ही 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। महाकुम्भ की सहभागिता पर शोध कर रही विभिन्न शोध संस्थानों ने इसे लेकर अपने अपने तथ्य पूर्ण विश्लेषण किए हैं। महाकुम्भ और तीर्थ स्थलों पर शोध कर रहे सरस्वती पत्रिका के संपादक और प्रयाग गौरव पुस्तक के लेखक रवि नंदन सिंह बताते हैं कि सत्ता और संस्कृति हमेशा से एक दूसरे को प्रभावित करते रहे हैं। सनातन को केंद्र में रखकर चल रही सत्ता की अभिव्यक्ति भी इस महा कुम्भ में हुई है। दिव्य,भव्य और डिजिटल महाकुम्भ के केंद्र में सनातन और युवा दोनों थे। डिजिटल महाकुम्भ के संकल्प से तकनीकी और युवाओं की निकटता बढ़ी। जो युवा पूर्व की सत्ता में धर्म और सनातन को लेकर उदासीन या निरपेक्ष था अब उत्सुकतावश वह सनातन को निकट से देखने महाकुम्भ आया। इस तरह सत्ता में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का हिंदुत्व और सनातन का चेहरा युवाओ के लिए नया सोसाइटी का फेस बन गया। तीर्थ स्थलों पर शोध और अध्ययन करने वाली संस्था पिलग्रीम सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रो डीपी दुबे भी मानते हैं कि महाकुम्भ के इस नए कीर्तिमान के केंद्र में युवा सनातन नेतृत्व का एक बड़ा चेहरा है।

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी "सत्य व न्याय के पथ" पर एक लघु नाटिका" का आयोजन किया गया।

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में नैतिक मूल्यों पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम" सत्य व न्याय का पथ" पर एक लघु नाटिका" आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सच्चाई और न्याय के महत्व पर केंद्रित प्रेरणादायक लघु नाटिका प्रस्तुत की। नाटिका का मुख्य उद्देश्य छात्रों और उपस्थित जनसमूह को यह संदेश देना था कि सत्य और न्याय जीवन के आधारभूत नैतिक मूल्य हैं। इस प्रस्तुति में दिखाया गया कि झूठ बोलने से न केवल व्यक्तिगत जीवन में समस्याएं उत्पन्न होती हैं, बल्कि समाज में भी अविश्वास और असंतुलन फैलता है। छात्रों ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर ही एक आदर्श जीवन की स्थापना की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "सत्य और न्याय हमारे नैतिक मूल्यों के स्तंभ हैं। इनका पालन हमें जीवन में सफलता और सम्मान प्राप्त करने में मदद करता है।" उन्होंने छात्रों को सत्यनिष्ठा अपनाने और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका पिथी चौधरी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा, "हमें अपने घरों में भी सत्य और न्याय का पालन करना चाहिए, ताकि हमारा जीवन 'आदर्श जीवन' के पथ पर अग्रसर रहे। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल शिक्षाप्रद रहा, बल्कि छात्रों को आत्मचिंतन करने और सत्य एवं न्याय के नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में सफल रहा।

स्थानीय निकाय चुनाव के लिए 17 फरवरी नामांकन पत्र दाखिल करने का अन्तिम दिनः-जिला निर्वाचन अधिकारी

करनाल बीटू संधू

करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान 2 मार्च हो होगा। इसी दिन असंध नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव लड? के इच्छुक उम्मीदवार 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे।

उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवी पास होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और।

वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफतार, चोरीशुदा 02 ट्रैक्टर व 01 ट्राली बरामद

करनाल बीटू संधू

करनाल। जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी आटो थेफट टीम द्वारा थाना शहर करनाल में दर्ज ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के दो मामलों में गुप्त सुचना के आधार पर कल दिनांक 14.02.2025 को आरोपी..... 1. राजेन्द्र उर्फ जीन्द्र पुत्र ब्रीजपाल वासी गांव हरसाना, थाना झींझाना, जिला शामली यु.पी. को उसके गांव के पास यु.पी. से गिरफतार किया गया, जिससे पूछताछ के आधार पर उसके भाई/साथी आरोपी..... 2. शौकेन्द्र पुत्र ब्रीजपाल को सुभाष गेट के पास करनाल से गिरफतार किया गया। इस संबंध में एंटी आटो थेफट टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि आरोपीयों के कब्जे से थाना शहर क्षेत्र से चोरी किए गए 02 ट्रैक्टर व 01 ट्राली बरामद की गई, इसके अलावा आरोपीयों द्वारा पूछताछ के दौरान एक मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का भी खुलासा किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि आरोपीयों के खिलाफ पहले भी चोरी, लड़ाई-झगड़ा और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। आज दोनों आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

विधेयकों में परिस्थितियों के अनुसार संशोधन के साथ नियमों और कानूनों की जानकारी जरूरी : मनोहर लाल

हरियाणा विधानसभा सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधायकों का किया ज्ञानवर्धन

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कई बार परिस्थितियों अनुसार विधानसभा के माध्यम से नए कानून बनाने की आवश्यकता होती है और कानून में संशोधन भी करना पड़ सकता है। ऐसे में एक मंत्री को संबंधित कानून के ड्रा ट का गहनता से अध्ययन करना चाहिए, ताकि उसके उद्देश्यों से भली भांति परिचित हो सकें मनोहर लाल ने साधारण बिल व मनी बिल के बारे में भी विधायकों को विस्तार से जानकारी दी। हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से हरियाणा विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल बतौर मु यातिथि संबोधित कर रहे थे। विधायी कार्यों पर विभिन्न वक्ताओं ने विधायकों का गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, लोकसभा के पूर्व सदस्य डॉ. सत्यपाल सिंह और राज्य सभा सचिवालय से अतिरिक्त व सयुक्त सचिव स्तर के अधिकारयों ने अपने-अपनें विचार रखे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र सिंह कल्याण ने प्रबोधन कार्यक्रम में आए वक्ताओं का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिंह व शॉल भेंट कर स मानित किया। केंद्रीय आवास एवं उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने विधायी प्रक्रियों में मंत्रियों की भूमिका विषय पर बोलते हुए अपने साढ़े 9 वर्ष के बतौर मु यमंत्री और अब तक 250 दिनों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने अनुभव विधानसभा सदस्यों के साथ सांझा किए। मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें हरियाणा प्रदेश की 13वीं व 14वीं विधानसभा में सदस्य के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने बताया कि एक बेहतर मंत्री बनने के लिए एक सदस्य को विधायी प्रक्रिया, नियमों और कानूनों के साथ-साथ अपने विभागों के अलावा दूसरे विभागों के महत्वपूर्ण विषयों की भी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। ताकि वें विधानसभा सत्रों के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों का पूरी जानकारी के साथ उतर दे सके।

प्रबोधन कार्यक्रम से नए चुन कर आए सदस्यों को होगा विशेष लाभ : पठानिया

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधायी अनुभव विषय पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा द्वारा विधायको के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन एक अच्छी पहल है जिससे विशेषकर नए चुन कर आए सदस्यों को विधायी कार्यो को बेहतर ढंग से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यों को समय निकालकर तकनीक के माध्यम से जानकारी जुटाने के साथ-साथ सदैव नए नियमों और कानूनों से परिचित रहना चाहिए।

विधान सभा अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से किया अपनी ताकत पहचानने का आह्वान

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि दो दिन में बहुत से संवाद हुए हैं। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों का आचरण कैसा होना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा दिए उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का आचरण मर्यादा के अनुसार होना चाहिए। कल्याण ने कहा कि जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमें बेहतर कानून बनाने का संकल्प लेना चाहिए। विधायी कामकाज ही हमारी ताकत है। इस सिलसिले में उन्होंने हाथी का उदाहरण देते हुए कहा कि इतने विशालकाय प्राणी को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं होता। हम सभी को अपनी ताकत का अनुमान होना चाहिए। उन्होंने विधायकों से अध्ययन करने का भी आह्वान किया। पूरे प्रदेश का बजट पास करने से लेकर खर्चों पर निगरानी ऐसी बहुत सी शक्तियां हैं, जो संविधान ने जनप्रतिनिधियों को दी है।

विधानसभा संवाद करने का एक मंच है न कि वाद-विवाद का : शंकर भाई

गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी ने विधायी अनुभव विषय पर अपने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि विधानसभा संवाद करने का एक मंच है न कि वाद-विवाद करने का। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य सदन की मर्यादा में रहते हुए अपनी बात रखें और साथ ही अन्य सदस्यों को भी धैर्य के साथ सुनें। उन्होंने कहा कि विधायकों को तथ्यों के आधार पर अपना मजबूत पक्ष रखना चाहिए। क्योकि तथ्यों के आधार पर रखी हुई बात का अधिक प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग से विधायको को अपने आपको तैयार करने की आवश्यकता है।

हरियाणा में ईवीएम से नहीं होंगे बार एसोसिएशनों के चुनाव

चंडीगढ़ हरियाणा निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की जिला अदालतों में होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव ईवीएम के माध्यम से करवाने से इनकार कर दिया है। निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नौ जिला बार एसोसिएशनों को इस संबंध में पत्र लिखकर सूचित कर दिया है। हरियाणा की बार एसोसिएशनों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के कई जिलों से यह चुनाव ईवीएम के माध्यम से करवाए जाने को लेकर जिला उपायुक्तों को पत्र दिए गए थे। उपायुक्तों द्वारा यह मांग राज्य निर्वाचन आयोग के पास भेजी गई थी। दूसरी तरफ प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव भी चल रहे हैं। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला बार को पत्र लिखकर मशीनें उपलब्ध न कराने को कहा है। चुनाव आयोग ने साफ तौर पर लिखा है कि प्रदेश में निकाय चुनाव होने के कारण मशीनें उपलब्ध नहीं होंगी। इसलिए अब बार चुनाव पहले की तरह बैलेट पेपर से ही होंगे। आयोग ने यह पत्र पानीपत, रोहतक, पलवल, चंडीगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, पंचकूला और सिरसा के जिला बार एसोसिएशनों को लिखा है। आयोग की ओर से कहा गया है कि हरियाणा राज्य में नगर निगम, नगर परिषद व नगरपालिका के आम, उप चुनाव दो और नौ मार्च को ईवीएम से करवाए जाने निश्चित है। उक्त कार्य हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपनी ईवीएम उपयोग में लाई जानी है। चुनाव कार्य के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिला बार एसोसिएशन को ईवीएम उपलब्ध नहीं करवाई जा सकती, क्योंकि नगर निकाय के चुनाव हेतु ईवीएम की अति आवश्यकता है।

नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस का अस्तित्व हो जाएगा खत्म : गौतम

चंडीगढ़। खेल युवा उद्यमिता और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में दिल्ली की तरह कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई वजूद नहीं है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में माहौल है और जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा नगर निकाय चुनाव के लिए तैयार है और उ मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी गई हैं।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही लोगों को गुमराह करती आई है। चुनाव आयोग ने जो व्यवस्था की है उसी के हिसाब से जनता वोट करेगी। वहीं कांग्रेस के नेताओं में आपसी फूट और लोगों को भ्रमित करना कांग्रेस के नेताओं की आदत बन गई है। इस बार नगर निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का सुपड़ा साफ होगा

खेल मंत्री ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी का अमेरिका में जोरदार स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के 140 करोड़ लोगों का मान और स मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है जिनके नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है और देश तेजी से तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना कांग्रेस मुक्त भारत करने का है उसे पर लगातार एक के बाद एक प्रदेशों में भाजपा की सरकार पर लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

⇨ माहौल भाजपा के पक्ष में, शहर की सरकार बनाने का मन बना चुकी जनता

नीति आयोग ने दिखाया भाजपा को आईना शिक्षा क्षेत्र में पिछड़ा हरियाणा : हुड्डा

⇨ पूर्व मु यमंत्री बोले : भाजपा सरकार पड़ोसी राज्यों की तुलना में शिक्षा क्षेत्र के लिए कम बजटीय आवंटन कर रही

चंडीगढ़। पूर्व मु यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि नीति आयोग ने एकबार फिर भाजपा की प्रदेश सरकार को आईना दिखाया है। नीति आयोग की रिपोर्ट से पता चला है कि उच्च शिक्षा के मामले में हरियाणा अन्य राज्यों से कहीं ज्यादा पीछे है। यहां तक कि अपने निकटतम पड़ोसी राज्यों से भी हरियाणा पिछड़ गया है। रिपोर्ट के लिए शिक्षा के लिए वित्तपोषण, रैंकिंग और गुणवत्ता को आधार बनाया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पता चलता है कि विश्वविद्यालय रैंकिंग के मामले में भी हरियाणा के अन्य राज्यों की तुलना में खराब प्रदर्शन कर रहा है।

हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार पड़ोसी राज्यों की तुलना में शिक्षा क्षेत्र के लिए कम बजटीय आवंटन कर रही है। यहां तक कि 2 साल पहले हरियाणा सरकार ने राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अनुदान सहायता के स्थान पर ऋण देने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा के शिक्षा के प्रति उदासीन रवैये के चलते उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट रेट लगातार बढ़ रहा है और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कोर्स में बड़ी सं या में सीटें खाली रह रही हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा में पड़ोसी राज्यों की तुलना में उच्च शिक्षा का घनत्व भी कम है। लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बड़ी सं या में नियमित शिक्षकों की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रदेश के 28 प्राइमरी स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। 262 ऐसे स्कूल हैं, जहां सिर्फ 1 से लेकर 10 तक ही विद्यार्थी हैं। 520 ऐसे स्कूल हैं, जहां 11 से लेकर 20 तक ही विद्यार्थी हैं। 8 मिडिल स्कूल ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की सं या शून्य है। 12 स्कूल ऐसे हैं जहां विद्यार्थियों की सं या 1 से 10 है और 73 ऐसे हैं जहां सं या मात्र 11 से 20 है। एक हाई स्कूल भी ऐसा है, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। यह आंकड़े चीख-चीख कर बीजेपी सरकार की शिक्षा नीति की पोल खोल रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में दलित, पिछड़े वर्ग, गरीब व किसान वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन बीजेपी इन वर्गों को हरेक सुविधा और शिक्षा से वंचित करना चाहती है। इसीलिए नए स्कूल बनाना तो दूर, बीजेपी सरकार पहले से स्थापित स्कूलों में बिजली, पानी, टॉयलेट और बैठने के लिए बैंच तक मुहैया नहीं करवा रही है।

विज के निर्देश पर रोहतक में बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई

चंडीगढ़। ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा 2 फरवरी को राजीव गांधी विद्युत भवन यूएचबीवीएन रोहतक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्कल रोहतक के अंतर्गत बिजली सेवा केंद्र में लंबित विद्युत शिकायतों की समीक्षा की और पाया कि कई शिकायतों का समाधान निर्धारित चार घंटे की समय-सीमा में नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने कार्यकारी अभियंता, ऑपरेशन सर्कल, यूएचबीवीएन, रोहतक को जांच के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा। जांच में कुल छह शिकायतें सामने आईं, जिनमें से चार का समाधान समय-सीमा के भीतर किया गया, जबकि दो शिकायतें देरी से हल हुईं। ये शिकायतें श्री जय नारायण, गांव हमायूपुर से संबंधित थीं, जिन्हें उनके पोते राहुल द्वारा एपी कनेक्शन पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने के संबंध में दर्ज कराया गया था। जांच में पाया गया कि जूनियर इंजीनियर विकास कौशिक और लाइनमैन रामबीर इन मामलों में लापरवाही के लिए जि मेदार थे। 1 फरवरी 2025 को सुबह 6:40 बजे हमायूपुर एपी फीडर की 11 केवी लाइन खराब हो गई थी, जिसे 10:25 बजे तक ठीक कर दिया गया, लेकिन प्रभावित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई। इससे जेई की उदासीनता स्पष्ट होती है। क्षेत्र के प्रभारी होने के बावजूद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से साइट का निरीक्षण नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि उन्होंने शिकायतों के समाधान में रुचि नहीं ली। साथ ही, जेई द्वारा बिना पीटीडब्ल्यू मंजूरी के अपने अधीनस्थों को कार्य करने की अनुमति दी गई, जिससे गंभीर दुर्घटना का खतरा बना। इसे घोर लापरवाही माना गया है।

संगठन के नेताओं को सत्ता में भागीदार बनाएगी भाजपा

चंडीगढ़। पहले दो कार्यकाल के दौरान कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति फैले असंतोष को शांत करते हुए मु यमंत्री नायब सैनी व भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने नया दांव खेल दिया है। निकाय चुनाव में पार्टी ने बाहरी प्रत्याशियों पर भरोसा दिखाने की बजाए अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह दी है। भाजपा ने शुक्रवार की रात जहां नौ निगमों में मेयर पद के लिए प्रत्याशियों का ऐलान किया वहीं शनिवार को सभी नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया। भाजपा ने इन सूचियों में ज्यादातर संगठन से जुड़े हुए नेताओं, कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है। भाजपा अब संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदार बनाएगी। इसके अलावा पार्टी का महिलाओं पर अधिक फोकस रहा है। ज्यादातर सीटों पर महिलाओं को उतारा गया है। भाजपा ने गुरुग्राम जिले में पटौदी नगर परिषद से प्रवीण ठकारिया, सिरसा नगर परिषद से शांति स्वरुप, थानेसर से माफी डांडा, अंबाला छावनी से श्रवण कौर, गुरुग्राम के सोहना नगर परिषद में अध्यक्ष पद हेतु उपचुनाव के लिए प्रीती बागड़ी को प्रत्याशी बनाया गया है। इन परिषदों में निगम मेयर की तरह अध्यक्ष पद के चुनाव भी सीधे जनता द्वारा ही किए जाएंगे। भाजपा पहले ही ऐलान कर चुकी है कि नगर पालिकाओं के चुनाव पार्टी के अधिकृत चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जाएंगे। जिसके चलते पार्टी ने जहां बराड़ा नगर पालिका से हरिजिंदर सिंह, बवानी खेड़ा से सुंदर अत्री, जाखल से सुरेंद्र मित्तल, जुलाना से संजय जांगड़ा, पुंडरी से ममता सैनी, कलायत से मैनपाल सिंह, सीवन से शैली मुंजाल, इंद्री से जशपाल, नीलोखेड़ी से सनमीत कौर आहूजा, हथीन से रेनुलता,खरखौदा से हीरालाल इंदोरा, रादौर से रजनीश मेहता, असंध से सुनीता अरडाना तथा ईस्माइलाबाद से मेगा बंसल को प्रत्याशी बनाया है, वहीं भाजपा ने सिवानी, लोहारु,फरुखनगर मंडी, नारनौंद, बेरी, कनीना, अटेली मंडी, तावडू तथा कलानौर नगर पालिकाओं भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी नहीं उतारे हैं।

ट्रिपल इंजन की हरियाणा में बनेगी सरकारः मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने दावा किया कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और तीन गुणा तेजी से प्रदेश का विकास होगा। कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस को अब कोई पूछने वाला नहीं है, जनता हर वार्ड में कमल खिलाएगी। नगर निकाय चुनाव में मु यमंत्री नायब सिंह सैनी और वे खुद तथा पार्टी के अन्य नेता चुनाव के मैदान में उतरकर प्रत्याशियों के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे और नोमिनेशन भी कराएंगे।

कांग्रेस ने पांच साल में बदले तीन प्रभारी, चुनौतियां जस की तस

⇨ कांग्रेसियों की गुटबाजी खत्म करने के बजाय बाबरिया ने खड़ा कर लिया था अपना गुट

⇨ दूसरी बार हरियाणा प्रभारी बने बीके हरिप्रसाद के सामने पुरानी चुनौतियां बरकरार

हरिप्रसाद के लिए गुटबाजी रोकना सबसे बड़ी चुनौती

बीके हरिप्रसाद के सामने सबसे बड़ी चुनौती गुटबाजी को थामने की ही रहेगी। हरियाणा में गुटबाजी के कारण कांग्रेस अच्छे माहौल के बावजूद विधानसभा चुनाव हार गई थी। विवेक बंसल से लेकर दीपक बाबरिया को हरियाणा में काम करने का लंबा समय मिला। वह कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में ही फंसे रहे।

चंडीगढ़। कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा मामलों के प्रभारी को बदल दिया है। पांच साल में यह चौथी नियुक्ति है। दीपक बाबरिया को प्रभारी पद से हटाकर उनकी जगह बीके हरिप्रसाद को इंचार्ज बनाया गया है। शुक्रवार की रात इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। बाबरिया को विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद से ही हटाए जाने की चर्चा थी।

हरियाणा में कांग्रेस ने 5 साल के अंतराल में अब तक 3 प्रभारी बदले हैं। 12 सितंबर 2020 को विवेक बंसल को प्रभारी लगाया था। 2023 में बंसल को हटाकर शक्ति सिंह गोहिल को प्रभारी लगाया गया। वह 6 महीने ही प्रभारी रहे। इसके बाद कांग्रेस ने 9 जून 2023 को दीपक बाबरिया को प्रभारी बनाया। विवेक बंसल से पहले गुलाम नबी आजाद और मध्यप्रदेश के पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ भी हरियाणा के प्रभारी रह चुके हैं। कांग्रेस ने जितने भी प्रभारी लगाए हैं, वह आज तक हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी को खत्म नहीं कर पाए।

बीके हरिप्रसाद पहले भी हरियाणा के प्रभारी रह चुके हैं। हरिप्रसाद के सामने पहले कार्यकाल में जो चुनौतियां थी वह आज भी बरकरार हैं। पहले हरियाणा के प्रभारी रहते हुए बीके हरिप्रसाद पार्टी की गुटबाजी को खत्म नहीं कर पाए और न ही नेताओं को एक मंच पर ला पाए थे। आज भी हरियाणा में कांग्रेस की यही स्थिति है। नया प्रभारी मिलने के बाद हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल के नेता का फैसला भी जल्दी ही होने की उ मीद है। प्रदेश में सात मार्च से विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। ऐसे पार्टी जहां नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति करेगी वहीं प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। वर्तमान में चौधरी उदयभान हरियाणा के प्रधान हैं। दीपक बाबरिया की प्रधान उदयभान के साथ भी नहीं बन रही थी। दीपक बाबरिया का पूरा कार्यकाल विवादों से भरा रहा है।

कांग्रेस ने आठ निगमों व तीन परिषदों में किया प्रत्याशियों का ऐलान

चंडीगढ़ हरियाणा में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आठ निगमों तथा तीन नगर परिषदों में मेयर व अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार पार्टी ने गुरुग्राम नगर निगम से सीमा पाहूजा, मानेसर नगर निगम से नीरज यादव, हिसार नगर निगम से कृष्ण सिंगला, करनाल नगर निगम से मनोज वधवा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा रोहतक नगर निगम में सूरजमल को मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया गया है। यमुनानगर में पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी की पत्नी कृष्णा देवी कांग्रेस प्रत्याशी होंगी। अंबाला नगर निगम में मेयर पद के उपचुनाव हेतु पूर्व मु यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की टीम के सदस्य रहे स्वर्गीय दलीप चावला की पत्नी आशिमा चावला तो सोनीपत निगम उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक देवराज दीवान के बेटे कमल दीवान को प्रत्याशी बनाया गया है।

शिक्षा 18 को निदेशालय में आयोजित होगी बैठक, विभाग ने जारी किया शेड्यूल

मॉडल संस्कृति व पीएमश्री स्कूलों में तबादले की पॉलिसी होगी तैयार

चंडीगढ़। शिक्षा विभाग ने राजकीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के साथ मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों में तबादले की कवायद शुरू कर दी है। आगामी 18 फरवरी को निदेशालय में संस्कृति मॉडल और पीएमश्री स्कूलों में तबादले की पॉलिसी तैयार करने को लेकर बैठक होगी। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ संस्कृति मॉडल और पीएमश्री स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं कि हरियाणा के सरकारी मॉडल संस्कृति एवं पीएमश्री स्कूलों में स्थानांतरण तथा तैनाती के लिए प्रस्तावित नीति को लेकर बैठक आयोजित होगी।

निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत जारी की गई है कि बैठक में चर्चा के लिए मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षक हिस्सा लेंगे और तबादला नीति को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव देंगे। इसके साथ ही शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भी विचार-विर्मश किया जाएगा।

बता दें कि पिछले दिनों शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल की अगुवाई में टीचर ट्रांसफर ड्राइव को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों की बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें शिक्षक संगठनों ने मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों में भी ट्रांसफर ड्राइव चलाने की मांग की थी।

शिक्षक संगठनों ने प्रिंसिपल पदों पर तीन सूचियां जारी होने के बाद लगभग दस हजार शिक्षक अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं। इसलिए ट्रांसफर ड्राइव के दौरान मॉडल संस्कृति एवं पीएमश्री स्कूलों के सभी पद खोले जाएंगे, ताकि ट्रांसफर ड्राइव में शिक्षक मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों का विकल्प भी चुन सकें।

हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु का कहना है कि पिछले दिनों शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल और सेकेंडरी शिक्षा निदेशक जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ट्रांसफर ड्राइव को लेकर आयोजित हुई बैठक में सुझाव दिया गया था कि मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों को भी ट्रांसफर ड्राइव चलाया गया। विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों को लेकर पालिसी तैयार की जाएगी। अब विभाग की ओर से आगमी 18 फरवरी को बैठक बुलाई गई है, जिसमें पॉलिसी बनाने के लिए सुझाव मांगे जाएंगे।

9 आशाएं, 6 आशा संगिनी सर्वश्रेष्ठ बीसीपीएम पुरस्कार से सम्मानित

■ उरई

जनपद में आशा सम्मेलन 2024-25 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री, जल शक्ति विभाग(सिंचाई एवं जल संस्थान बाड़ नियंत्रण परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0 स्वतन्त्र देव सिंह जी द्वारा व विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, मा0 विधायक माधौगड़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, जल शक्तिमंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार राजकीय मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज इस पावन अवसर पर, जब हम सभी इस आशा सम्मेलन में एकत्रित हुए है, मेरा हृदय गर्व और सम्मान से भर उठा है। आप सभी आशा बहनें और स्वास्थ्य कार्यकर्ता हमारे समाज की सच्ची नायिकाएं है। जिस समर्पण, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है, वह अनुकरणीय है। आप न केवल स्वास्थ्य सेवा का एक मजबूत स्तम्भ है बल्कि अपने क्षेत्र की रीड़ भी है। उन्होंने कहा कि जनपद जालौन में कुल 1241 आशाएं कार्यरत है, हमारी आशाओ के कारण ही हमारा जालौन स्वस्थ जालौन बन रहा है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओ का प्रचार-प्रसार कर योजनाओ के प्रति जागरूक कर आवश्यकतानुसार विशेषकर माँ, बच्चो व जन समुदाय को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करवाने का कार्य सराहनीय है। साथ ही गर्भवती महिलाओं की पूर्ण रूप से देखभाल, परिवार नियोजन सेवाएं, बच्चो के टीकाकरण तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के कार्य मे सहयोग कर जनसमुदाय के स्वास्थ्य देखभाल जैसे महत्वपूर्ण कार्य आप करती है। उन्होंने कहा कि आशा बहनों का कार्य केवल एक पेशा नही, बल्कि एक धर्म है। आप समाज के उस वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाती है जहाँ मदद की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, चाहे शिशु स्वास्थ्य की देखभाल हो, टीकाकरण अभियान हो, कुपोषण से लड़ाई हो या फिर सामुदायिक जागरूकता बड़ाने के कार्यो में आपकी भूमिका हर जगह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान भी आपने अपनी जान की परवाह किये बिना लोगो की सेवा की, उन्हें सुरक्षित रखा और संकट के दौर में आशा की किरण बनकर उभरी। उन्होंने कहा कि जब हमारा देश जब हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए बड़े कदम उठा रहा है, तब आप सभी इस बदलाव की अगुवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता दी जा रही है, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और वंचित परिवारों को मुफ्त चिकित्सा सेवा मिल रही है, मिशन इंद्रधनुष के तहत बच्चों को आवश्यक टीके लगाए जा रहे हैं और यह सब आपके योगदान से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी सेवा और समर्पण इस बात का प्रमाण है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार आशा बहनों के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि आपके अधिकारों और सुविधाओं की रक्षा की जाए ताकि आप निडर होकर अपने कार्यों को पूरा कर सकें। आज मैं आप सभी आशा बहनों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपका योगदान केवल एक पेशे तक सीमित नही है बल्कि यह मानवता की सेवा है। आप हमारी आशा है, आप इस राष्ट्र के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प ले कि हम एक स्वस्थ्य, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे, जहाँ हर माँ सुरक्षित हो, हर बच्चा स्वस्थ्य हो और हर परिवार खुशहाल हो।

मंत्री ने आशा सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ चयनित 09 आशाओं को, 06 आशा संगिनी, सर्वश्रेष्ठ बीसीपीएम पुरस्कार 01 को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीएमएस मेडिकल प्रशांत निरंजन आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान समेत 6 लोगों पर घर में बंधक बनाकर मारपीट करने का लगाया आरोप

■ जालौन-उरई

मांडरी गोशाला में मृत गोवंशों को खुले में फेंके जाने और मृत गोवंशों को कुत्तों द्वारा खाने की सूचना पर गांव में पहुंचे बजरंग दल के ग्रामीण प्रखंड संयोजक ने ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर घर में बंधक बनाकर मारपीट व रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी बजरंग दल के ग्रामीण प्रखंड संयोजक मानवेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम उन्हें जानकारी मिली कि मांडरी गांव में गोवंश मृत हो रहे हैं और ग्राम प्रधान मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार न कराकर उन्हें खुले में फिकवा देते हैं जिन्हें कुत्ते खा रहे हैं। यह जानकारी मिलने पर जब वह मांडरी गांव में पहुंचे तो कुछ मृत गोवंश खुले में पड़े हुए मिले जिन्हें कुत्ते खा रहे थे। यह देखकर वह गांव के प्रधान भगवती शरण के घर पहुंचे और उन्हें इसकी जानकारी देकर मृत गोवंश का अंतिम संस्कार करने के लिए कहा। लेकिन उनकी शिकायत को सुनकर प्रधान गाली, गलौज करने लगे। जब उन्होंने रोका तो प्रधान ने अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ उन्हें घर में बंधक बना लिया और उनके साथ लाठी, डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं उन्होंने जेब में पड़े 745 रुपये भी छीन लिए। शोरगुल सुनकर जब आसपस के लोग बचाने के लिए आए तो जान से मारने की धमकी देकर छोड़ा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रधान व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संदर्भ में प्रधान भगवती शरण ने बताया कि गोशाला में एक गाय मृत हो गई थी। जिसे ग्रामीण दफना रहे थे। तभी बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और उन्होंने विवाद शुरू कर दिया। घटना के समय वह मौके पर मौजूद भी नहीं थे।

ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की

जालौन-उरई । लगभग डेड़ वर्ष पूर्व काशीपुरा संपर्क मार्ग बनाए जाने के बाद सड़क कई स्थानों पर उखड़ गई है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। जालौन बाबई से काशीपुरा संपर्क मार्ग पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष मरम्मत के अंतर्गत पीसी व सील कोट से नवीनीकरण का कार्य कराया गया था। जिसकी कुल लंबाई 2.850 किमी थी। यह सड़क मरम्मत के कुछ समय बाद ही उखड़ने लगी थी। मरम्मत के बाद सड़क उखड़ने से कई स्थानों पर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने इस मार्ग के मरम्मत की मांग आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से की थी। जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एक ने शिकायतकर्ता को अवगत कराया है यह मार्ग अभी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में है। इसके लिए ठेकेदार को क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत के लिए निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही मार्ग का निर्माण करा दिया जाएगा।

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक

उरई। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

बार संघ का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष पद पर रामशरण तथा मंत्री पद पर दीपक चुनाव जीते

कोषाध्यक्ष शशांक कनिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू बने

■ कोंच

बारसंघ कोंच के चुनाव में भारी गहमागहमी के बीच मतदान संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर रामशरण कुशवाहा और महामंत्री पद पर दीपक मिश्रा विजय घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर रामशरण कुशवाहा 9 मतों के अंतर से चुनाव जीते जबकि महामंत्री पद पर दीपक मिश्रा 75 वोट से चुनाव जीते। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सोनू वाजपेयी और कोषाध्यक्ष पद पर शशांक श्रीवास्तव ने क्रमशः 16 - 80 वोटों के अंतर से जीत हासिल की।ऐल्डर्स कमिटी अध्यक्ष बृजेश मिश्रा व सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल प्रथम, संतोष अग्रवाल, वीरेंद्र लिटौरिया के निर्देशन में शनिवार को तहसील परिसर स्थित बार भवन में मतदान कराया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार श्रीवास्तव तथा सहायक चुनाव अधिकारियों अवधेश द्विवेदी, जितेंद्र सिंह गुर्जर, पुरूषोत्तम दास रिछारिया, महेंद्र सिंह निरंजन, नरसिंह गहरवार, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वितीय की देखरेख में सुबह 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि शुरू में मतदान की गति काफी धीमी रही लेकिन 2 बजे के बाद मतदान में आई तेजी के साथ शाम चार बजे तक 243 के सापेक्ष 227 मत पड़े जिसमें 8 टेंडर मत भी शामिल हैं। इसके तत्काल बाद मतों की गिनती शुरू हो गई और करीब 6 बजे तक सभी परिणाम सामने आ गए। अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में रामशरण ने राकेश को 9 मतों से पराजित किया। रामशरण को कुल 98 और राकेश को 89 वोट हासिल हुए जबकि अमरबाबू को 37 वोट मिले। 1 वोट अवैध रहा। महामंत्री पद पर आमने-सामने के मुकाबले में दीपक मिश्रा के सिर जीत का सेहरा बंधा। दीपक को 146 वोट मिले और विनोद को 72 मत मिले। 7 वोट अवैध रहे। जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सोनू वाजपेयी ने इंद्रजीत राठौर को 16 मतों से हराया। सोनू वाजपेयी को 119 और इंद्रजीत राठौर को 103 वोट मिले। 2 वोट अवैध रहे। इसी तरह कोषाध्यक्ष पर शशांक श्रीवास्तव ने सौरभ मिश्रा को 80 वोटो से हराया। शशांक को 152 मत और सौरभ को 72 मत मिले। 1 वोट अवैध घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जिसके बाद जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थकों ने मिठाई बांटी और गोले दागकर खुशी का इजहार किया। गौरतलब हो कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामहरि कुशवाहा, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक के दो पदों पर सईद अहमद मंसूरी व रामबिहारी श्रीवास्तव एवं संयुक्त सचिव के तीन पदों पर शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव एवं गजेंद्र कुमार अहिरवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इसी के साथ सामान्य सदस्य वरिष्ठ (15 वर्ष से अधिक) पर योगेंद्र कुमार अरूसिया, लालजी सिंह गुर्जर, ओमप्रकाश कौशिक, रामनरेश त्रिपाठी तथा सामान्य सदस्य कनिष्ठ (15 वर्ष से कम) पर अमित रावत, अनिल कुमार वैद, मनोज कुमार, मनोज कुमार दूरवार एवं मंगल सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति की शपथ दिलाई छात्राओं ने

■ कोंच

महेशपुरा रोड स्थित सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर आमजन को जागरुक करते हुआ शराब गुटखा आदि के सेवन न करने की सलाह दी महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर की नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंची महाविद्यालय की छात्राओं सिद्धि नीखर, साक्षी, सोनिया, डॉली, छाया, मधु, शिवानी, नेहा, निशा आदि ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह की उपस्थिति में सैंकड़ों लोगो के बीच विभिन्न प्रकार के नशे से जीवन ख़राब होने को दर्शाते हुए लघु नाटक प्रस्तुत कर जागरुक करने का सराहनीय काम किया। छात्राओं ने नशा एक बीमारी है- इसे भगाना हमारी जिम्मेवारी है के नारे भी लगाए। इस मौके पर एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा कि नशा एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि परिवार से लेकर समाज के लिए हानिकारक है। नशा शारीरिक और आर्थिक नुकसान के साथ ही घर परिवार की उन्नति में बाधक है। एसडीएम ने उपस्थित आमजन से सभी प्रकार का नशा त्याग करने का आह्वान किया। कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने कहा कि समाज में सबसे बड़ी बुराई नशे का सेवन करना है। स्वस्थ काया के लिए नशे को त्यागना ही हितकर है। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव, कदीम सिद्दीकी, राघवेन्द्र पटेल, मनोज पटेल, कु.पूनम आदि उपस्थित रहीं।

जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे दंबग

जालौन-उरई। आसपास के लोग महिला की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके पिलर आदि का निर्माण करा रहे हैं। रोकने पर झगड़े पर आमादा हैं। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अवैध कब्जे को रुकवाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि उसकी जमीन गाटा संख्या 137 में स्थित है। इसी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने प्लॉट खरीदे हैं। प्लॉट खरीदने वाले व्यक्ति अपनी निर्धारित जमीन से अधिक पर कब्जा करके पिलर का निर्माण करा रहे हैं। जिससे उसके हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा हो रहा है। इसके बारे में जब उसने उन लोगों से बात की तो वह लड़ाई, झगड़े और मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जल शक्ति मंत्री ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का किया अनावरण

कहा- लोगों को बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का मिल रहा है लाभ

■ जालौन-उरई

इस बार महाकुंभ में भक्तों को श्रृद्धा की डुबकी लगाने के लिए बिसलरी से भी स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया गया है। सेलिब्रिटी लोगों ने भी महाकुंभ में स्नान किया है। रिकॉर्ड श्रृद्धालुओं ने इस बार महाकुंभ में स्नान किया है। यह बात प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने नगर में देचनगर चौराहे पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर कही।

नगर के देवनगर चौराहे पर सुंदरीकरण के बाद लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई है। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने कोई कार्य अपने परिवार हित में नहीं किया, बल्कि देशहित में किया है। उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि आज हम अखंड भारत में सांस ले रहे हैं। इससे पूर्व पूरा भारत छोटी छोटी रियासतों में विभाजित था, जिन्हें उन्होंने एक किया। उन्होंने स्वयं को परिवार के लिए नहीं देश के लिए खपाया है। कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में लोगों को बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। नमाममि गंगे योजना में लोग सहयोग करें। सड़कों खुद रहीं हैं लेकिन उनको भी ठीक कराया जाएगा। तभी ठेकेदार को पेमेंट होगा। अभी की थोड़ी परेशानी से आगे परिणाम सार्थक होगा। महिलाओं का डर खत्म हुआ है आज रात में भी एक मां अपनी बेटी को अकेले लेकर रात में भी कहीं आ जा सकती है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह आपस में झगड़ा न करें बच्चों को शिक्षित करें ताकि वह आने वाले समय में राष्ट्रहित में कार्य कर सकें। क्योंकि आने वाला समय ज्ञान और शिक्षा का ही युग है। स्वरोजगार के लिए सरकार योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लें और मेहनत करके अपने परिवार का भरण पोषण करें साथ ही बच्चों को शिक्षित करना न भूलें। उन्होंने महाकुंभ को लेकर कहा कि अब तक 50 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया है। तमाम सेलिब्रिटी लोगों ने महाकुंभ में स्नान का लाभ उठाया है। लोगों के लिए बिसलरी से भी स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, माधौगड़ विधायक मूलचंद्र निरंजन व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, चेयरमैन नेहा मित्तल, सुरेश निरजन भैयाजी, आरपी निरंजन, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, यश पटेल, संजू खत्री, रिंकू निरंजन, माधुरी निरंजन, रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, सुभाष द्विवेदी, बिटोली देवी, अनिल शिवहरे आदि मौजूद रहे।

■ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल के आवास पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें कहा कि नगर में जो भी सड़कें खराब हैं या फिर नई सड़क का निर्माण होना हो उसका प्रस्ताव बनाकर उनके पास भेजें। नगर की सड़कों को बनावाने का उन्होंने पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल को आश्वासन दिया।

■ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने नगर आगमन पर सहृदयता की मिसाल पेश की। नगर के मोहल्ला भवानीराम निवासी सुबोध कुमार उनके निजी सहायक हैं। प्रोटोकाल के तहत उनका निजी सहायक के यहां कार्यक्रम नहीं था। लेकिन नगर आगमन पर वह प्रोटोकाल तोड़कर सरकारी अस्पताल के पीछे मोहल्ला भवानीराम स्थित निजी सहायक सुबोध के आवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।

राजनीतिक या व्यक्तिगत हित से बड़ा है राष्ट्र हित: जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति ने श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की

एजेंसी

कटरा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यहां श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के दीक्षांत समारोह में शनिवार को शिरकत की और कहा कि राष्ट्र हित किसी भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित से बड़ा होता है।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 10वें दीक्षांत समारोह में ज मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मु यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह के दौरान अपने संबोधन में कहा, ''हम भारतीय हैं और यही हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और चाहे जो भी परिस्थिति हो, राष्ट्रवाद को हमेशा सबसे उपर रखना हमारा कर्तव्य है।'उन्होंने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा, ''कोई भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित राष्ट्र हित से बड़ा नहीं हो सकता।'धनखड़ ने कहा, ''हमें विकसित भारत की ओर तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। इस दिशा में दंड विधान को न्याय विधान बनाना एक महत्वपूर्ण पहल है, जो औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करता है।'उन्होंने कहा कि आज निवेश और अवसरों के लिए पसंदीदा देश के रूप में भारत को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि ज मू कश्मीर में परिवर्तन केवल क्षेत्रीय स्तर पर सीमित नहीं है, बल्कि भारत के राष्ट्रीय पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में, चयनित विद्यार्थियों को कुल 26 पदक, नौ विशिष्टता प्रमाण-पत्र तथा 10 इन्फोसिस फाउंडेशन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि कुल 501 छात्रों तथा 408 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें स्नातक और स्नात्कोत्तर तथा पीएचडी की डिग्री शामिल हैं।

मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का मसौदा तैयार किया: मांडविया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए मसौदा तैयार किया है ।उन्होंने साथ ही पिछली सरकारों पर बुनियादी ढांचे के विकास पर उचित ध्यान नहीं देने का आरोप भी लगाया। मांडविया ने टाइ स समूह के ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट (जीबीएस) के 9वें संस्करण में कहा कि आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के कई अवसर आए और चले गए, लेकिन देश सही समय पर तैयार नहीं था। श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे मंत्री ने बुनियादी ढांचे के लिए स्पष्ट मसौदे की कमी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा, भारत की आर्थिक वृद्धि की जडें हमारी विरासत में होनी चाहिए और इसमें नवाचार को भी शामिल करना चाहिए। सिंधु घाटी के व्यापारियों से लेकर आचार्य चाणक्य तक, हमारे पूर्वजों ने आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की नींव रखी और वे सबक आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के जरिए इस भावना को फिर से जगाया है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले भारत में सिर्फ चार यूनिकॉर्न थे, आज हमारे पास 118 यूनिकॉर्न हैं। इससे साबित होता है कि प्रतिभा और नवाचार को बढ़ावा देने से हमारी अर्थव्यवस्था बदल सकती है। उन्होंने परंपरा को आधुनिक प्रगति के साथ जोड़ने के महत्व पर भी जोर दिया।

'यूरोप की सशस्त्र सेनाओं' के निर्माण का समय आ गया: जेलेंस्की

यूनिख। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि अब समय आ गया है कि 'यूरोप की सशस्त्र सेना' बनाई जाए। जेलेंस्की ने साथ ही कहा कि रूस के खिलाफ उनके देश की लड़ाई ने साबित कर दिया है कि इसके लिए आधार पहले से ही मौजूद है। यूक्रेनी नेता ने कहा कि यूरोप इस संभावना से इंकार नहीं कर सकता कि ''अमेरिका यूरोप को उन मुद्दों पर 'नहीं' कह सकता है जो उसके लिए खतरा हैं''।

उन्होंने कहा कि कई नेता लंबे समय से कह रहे हैं कि यूरोप को अपनी सेना की आवश्यकता है। जेलेंस्की ने यूनिख सुरक्षा स मेलन में कहा, ''मुझे वाकई में लगता है कि अब समय आ गया है। यूरोप की सशस्त्र सेनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए।'

न्यूज डायरी

इजराइल ने फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना शुरू किया

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। चरमपंथी समूह हमास ने तीन पुरुष बंधकों को रिहा कर दिया, जिसके बदले में इजराइल की सेना ने सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया है। यह घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि गाजा पट्टी में लड़ाई रोकने के लिए हुआ युद्धविराम समझौता हाल के दिनों में भले ही डगमगा गया हो, लेकिन वह अब भी बरकरार है ।हमास ने शनिवार को तीन इजराइली पुरुष बंधकों को रिहा कर दिया। रिहा करने से पहले, दक्षिणी गाजा पट्टी में भीड़ के समक्ष उनकी परेड कराई गई और फिर उन्हें रेडक्रॉस को सौंप दिया गया। इन तीनों व्यक्तियों की पहचान आयर हॉर्न (46), सागुई डेकेल चेन(36) और 29 वर्षीय अलेक्जेंडर (साशा) ट्रोफानोव के तौर पर हुई है। तीनों को किबुत्ज नीर ओज से अगवा किया गया था। सात अक्टूबर 2023 के हमले में यह क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ था और उसी के फलस्वरूप युद्ध शुरू हुआ था। ये तीनों कमजोर और थके हुए दिख रहे थे, लेकिन पिछले शनिवार को रिहा किए गए तीन अन्य लोगों की तुलना में वे शारीरिक रूप से बेहतर नजर आ रहे थे। पिछले शनिवार को जिन तीन लोगों को रिहा किया था कि वे 16 महीने बंधक रहने के दौरान बहुत कमजोर हो गए थे। लगभग चार सप्ताह पहले लागू हुआ युद्धविराम हाल के दिनों में तनावपूर्ण विवाद के कारण जोखिम में पड़ गया था, जिससे लड़ाई फिर से शुरू होने का खतरा पैदा हो गया था। वहीं, 20 लाख से अधिक फलस्तीनियों को गाजा से हटाकर क्षेत्र में अन्यत्र बसाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विवादास्पद प्रस्ताव से युद्धविराम के भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इस बीच, हमास ने बृहस्पतिवार को कहा कि मिस्र और कतर के अधिकारियों के साथ वार्ता के बाद वह और बंधकों की रिहाई की दिशा में आगे बढ़ेगा। इजराइल ने शनिवार को 369 फलस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा करना शुरू कर दिया। उनमें 36 ऐसे हैं जो घातक हमलों के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। रिहा किए गए (फलस्तीनी) कैदियों का पहला समूह बस से पश्चिमी तट के एक कस्बे में पहुंचा। उन्नीस जनवरी को युद्धविराम लागू होने के बाद से हमास और इजराइल के बीच बंधकों और कैदियों की यह छठी अदला-बदली है। शनिवार से पहले, युद्ध विराम के पहले चरण के दौरान 21 बंधकों और 730 से अधिक फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था।

लेखकों विकास स्वरूप और मनीषा कुलश्रेष्ठ को केएलएफ पुरस्कार से नवाजा गया

नई दिल्ली। अंग्रेजी लेखकों विकास स्वरूप, विक्रम संपत, और रोहित मनचंदा और हिंदी लेखक प्रभात रंजन, मनीषा कुलश्रेष्ठ और अनंत विजय को शनिवार को यहां एक समारोह में चौथा कलिंग साहित्य महोत्सव पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया गया। वार्षिक केएलएफ पुस्तक पुरस्कार अंग्रेजी में सात और हिंदी में छह श्रेणियों में दिए जाते हैं, जिसमें कथा, कथेतर, कविता, बाल साहित्य, व्यवसाय, अनुवाद श्रेणियां शामिल हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी और एक पारंपरिक शॉल प्रदान की गई। पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं पुरस्कार पाने वाले लेखकों को अपनी ओर हार्दिक बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता और साहित्यिक प्रतिभा से भारत की सदियों पुरानी साहित्यिक परंपरा को कायम रखते हुए ये उत्कृष्ट कृतियां लिखीं। मैं उन्हें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षक मानता हूं। संपत को टीपू सुल्तान- द सागा ऑफ मैसूर इंटररेग्नम (1760-1799) के लिए और नंदिनी पुरंदरे व दीपा बलसावर को द शेरपा ट्रेल- स्टोरीज फ्रॉम दार्जिलिंग एंड बियॉन्ड के लिए अंग्रेजी में कथेतर (नॉन फिक्शन) श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। विकास स्वरूप को उनके उपन्यास द गर्ल विद द सेवन लाइव्स व रोहित मनचंदा को उनकी पुस्तक द एन्क्लेव- ए शार्प एंड हिलेरियस पोर्टेट ऑफ वुमनहुड इन इंडिया के लिए अंग्रेजी में कथा श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया। जीत थायिल को उनकी अंग्रेजी कविता कृति आई विल हैव इट हियर के लिए पुरस्कार दिया गया, जबकि हिंदी कवि शिरीष कुमार मौर्य को उनकी कृति धर्म वह नाव नहीं के लिए पुरस्कार दिया गया।

दिल्ली में इस मौसम का दूसरा सबसे गर्म दिन, अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार का दिन इस मौसम का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा और अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से चार डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबित, इससे पहले मौसम का सबसे गर्म दिन 11 फरवरी को दर्ज किया गया था और इस दौरान अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को धुंध छाए रहने और अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश- 29 डिग्री सेल्सियस और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में शाम सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 183 दर्ज किया गया, जो ''मध्यम'' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

केजरीवाल के 'शीशमहल' का विस्तार करने आरोपों की जांच होगी: भाजपा

⇨ भाजपा ने कथित भ्रष्टाचार के कारण इस बंगले को 'शीशमहल' करार दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को 6, लैगस्टाफ रोड बंगले के विस्तार के लिए संपत्तियों के कथित विलय और इसके अंदरूनी हिस्से पर हुए खर्च की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को यह बात कही।

भाजपा ने कथित भ्रष्टाचार के कारण इस बंगले को ''शीशमहल'' करार दिया है। इसमें अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मु यमंत्री के रूप में 2015 से पिछले साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक रहे थे। इस मामले पर आम आदमी पार्टी (आप) या इसके संयोजक केजरीवाल ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने उनकी दो पूर्व शिकायतों का संज्ञान लिया और लोक निर्माण विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी, जिसके आधार पर अब विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया गया है। रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ने सीवीसी को दी गई अपनी पहली शिकायत में आरोप लगाया कि केजरीवाल ने 40,000 वर्ग गज (आठ एकड़) भूमि पर एक भव्य ''महल'' का निर्माण करने के लिए भवन नियमों का उल्लंघन किया। गुप्ता ने आरोप लगाया कि राजपुर रोड पर भूखंड सं या 45 और 47 (पहले टाइप-वी लैट में वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायाधीशों के आवास थे) तथा दो बंगलों (8-ए और 8-बी, लैग स्टाफ रोड) सहित सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया और नए आवास में मिला दिया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान मानदंडों का उल्लंघन किया गया और उचित अनुमोदन नहीं लिया गया।

दक्षिणी साइबेरिया में 6.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

मॉस्को। दक्षिणी साइबेरिया के अल्ताई गणराज्य में शनिवार सुबह 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। रूसी भूकंप वैज्ञानिकों ने यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' ने रूसी विज्ञान अकादमी की एकीकृत भूभौतिकीय सेवा के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 48 मिनट पर भूकंप आया और आस-पड़ोस के क्षेत्रों में भी इसके झटके महसूस किए गए। क्षेत्रीय प्रमुख एंड्रेई तुरचाक ने सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर लिखा कि भूंकप से कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन 'हाई-अलर्ट' लागू कर दिया गया है, सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं और भूकंप के केंद्र के निकटवर्ती क्षेत्रों में जलापूर्ति में समस्या आ सकती है। तुरचाक ने कहा कि प्रारंभिक आकलन से कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति का संकेत मिलता है।

कार्यपालिका नियुक्तियों में प्रधान न्यायाधीश को शामिल करने के मुद्दे पर विधि विशेषज्ञों की राय अलग-अलग

⇨ कुछ बोले, सीजेआई की भागीदारी प्रक्रिया में निष्पक्षता लाती है, कुछ ने कहा, ऐसी चयन समितियों में नहीं होना चाहिए

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को कार्यपालिका नियुक्तियों में शामिल किया जाना चाहिए या नहीं, इस मुद्दे पर विधि विशेषज्ञों ने शनिवार को अपनी अलग-अलग राय व्यक्त की।

कुछ का कहना है कि सीजेआई की भागीदारी प्रक्रिया में निष्पक्षता लाती है, जबकि अन्य की राय थी कि उन्हें ऐसी चयन समितियों में नहीं होना चाहिए। ये विचार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा शुक्रवार को इस बात पर आश्चर्य जताए जाने के बाद आए हैं कि सीजेआई, 'वैधानिक निर्देश' के बावजूद, सीबीआई निदेशक जैसी कार्यपालिक नियुक्तियों में कैसे शामिल हो सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे मानदंडों पर 'फिर से विचार' करने का समय आ गया है। जहां संवैधानिक मामलों के प्र यात विशेषज्ञ और वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक की नियुक्ति और अन्य कार्यपालिका नियुक्तियों से संबंधित चयन समिति का हिस्सा नहीं होना चाहिए, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम ने कहा कि ऐसी नियुक्तियों में सीजेआई की भागीदारी से केवल लाभ होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चूंकि 2023 के कानून के तहत मु य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित मामला, जो सीजेआई को चयन समिति से बाहर रखता है, उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए उपराष्ट्रपति को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने कहा कि चयन प्रक्रिया में सीजेआई को शामिल करना इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष रखने के लिए था, ऐसे में उपराष्ट्रपति को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था।

द्विवेदी ने कहा, ''न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग होने और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक समीक्षा शक्तियों का प्रयोग करने के मद्देनजर, प्रधान न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक और अन्य कार्यकारी नियुक्तियों से संबंधित चयन समिति का हिस्सा नहीं होना चाहिए। हालांकि, अगर न्यायिक न्यायाधिकरणों में नियुक्तियां होती हैं तो वे इसका हिस्सा हो सकते हैं।'

आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल, महापौर चुनाव में पार्टी के जीतने की संभावना बढ़ी

⇨ दिल्ली में सही समय पर केंद्र, विधानसभा और नगर निगम स्तर पर 'ट्रिपल इंजन' की सरकार होगी: सचदेवा

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए, जिससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आगामी महापौर चुनाव में पार्टी की जीत की संभावना बढ़ गई है।

पार्षदों का स्वागत करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में सही समय पर केंद्र, विधानसभा और नगर निगम स्तर पर 'ट्रिपल इंजन' की सरकार होगी, जो इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने की राजधानी के रूप में विकसित करेगी। इन तीन पार्षदों में अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि ये पार्षद दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा चुनावों में हाल में मिली शानदार जीत के बाद, भाजपा महापौर का पद हासिल करके दिल्ली में ''ट्रिपल इंजन सरकार'' की उ मीद कर रही है। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा की 70 सीट में से 48 पर जीत हासिल करके आप को सत्ता से बाहर कर दिया। महापौर का चुनाव अप्रैल में होना है। नवंबर 2024 में हुए पिछले महापौर चुनाव में आप ने तीन मतों से जीत हासिल की थी। पार्षदों के अलावा, दिल्ली के सात लोकसभा सदस्य (सभी भाजपा के), तीन राज्यसभा सदस्य (सभी आप के) और 14 मनोनीत विधायक दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर के लिए होने वाले चुनाव में मतदाता हैं। तीन पार्षदों के शामिल होने के साथ ही भाजपा के पार्षदों की सं या अब आप के पार्षदों से अधिक हो गई है। भाजपा नेताओं ने बताया कि भाजपा अपने 10 विधायकों को एमसीडी में मनोनीत करने जा रही है, जबकि आप के चार विधायक निगम के लिए मनोनीत होंगे।

पीएम मोदी आज वैश्विक कपड़ा मेला भारत टेक्स 2025 को संबोधित करेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वैश्विक कपड़ा मेला भारत टेक्स 2025 को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला को एक साथ लाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि 14-16 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह वैश्विक कार्यक्रम कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरण तक, पूरी कपड़ा मूल्य श्रृंखला को एक छत के नीचे लाता है। भारत टेक्स कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक कार्यक्रम है, जिसमें दो स्थानों पर फैली एक विशाल प्रदर्शनी पूरे कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में 70 से अधिक स मेलन सत्र, गोलमेज बैठक और समूह चर्चाओं के साथ वैश्विक स्तर का स मेलन भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान हैकाथॉन आधारित स्टार्टअप उत्सव, नवाचार उत्सव और

डिजाइन चुनौतियां भी आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के जरिये स्टार्टअप को वित्त पोषण के अवसर मिलेंगे। पीएमओ ने कहा कि भारत टेक्स 2025 में नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओ, 5,000 से अधिक प्रदर्शकों, 120 से अधिक देशों के 6,000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और अन्य आगंतुकों के आने की उ मीद है। अंतरराष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ (आईटीएमएफ), अंतरराष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति (आईसीएसी), यूरेटेक्स, टेक्सटाइल एक्सचेंज और अमेरिकी फैशन उद्योग संघ (यूएसएफआईए) सहित दुनिया भर के 25 से अधिक प्रमुख वैश्विक कपड़ा संगठन भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

भारतीय रेलवे बेंगलुरु शहर से हवाई अड्डे तक ट्रेन सेवा का विकल्प पेश करेगी: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

बेंगलुरु। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सड़क, मेट्रो रेल और उपनगरीय रेलवे सेवाओं के अलावा उनका मंत्रालय के पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से बेंगलुरु शहर तक ट्रेन यात्रा का विकल्प भी पेश करेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि इसे लागू करने से पहले कुछ तकनीकी चुनौतियों का समाधान किया जाना आवश्यक है और रेलवे की टीम उन्हें हल करने पर काम कर रही है।

⇨ कहा, वर्तमान में मेट्रो रेल, सड़क और उपनगरीय रेलवे परियोजना के माध्यम से बेंगलुरु हवाई अड्डे तक पहुंच है

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों के पास मेट्रो रेल, सड़क और उपनगरीय रेलवे परियोजना के माध्यम से बेंगलुरु हवाई अड्डे तक पहुंच है। वैष्णव ने कहा कि हम हवाई अड्डे के लिए रेलवे संपर्क का विकल्प भी बना रहे हैं। उन्होंने याद किया कि अपनी पिछली यात्रा के दौरान वह हवाई अड्डे से शहर तक ट्रेन से यात्रा करके आये थे। मंत्री ने कहा, ÷मुझे लगा कि यह 40 से 45 मिनट की आरामदायक यात्रा है। हालांकि, कुछ तकनीकी मुद्दे थे, खासकर रेल लाईओवर बनाने की आवश्यकता थी। टीम ने अब आवश्यक कार्य पूरा कर लिया है और उन्होंने आज मेरे सामने अवधारणा प्रस्तुत की है। मैं इसे जल्द ही आपके साथ साझा करूंगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने 1.5 करोड़ की आबादी वाले बेंगलुरु शहर के लिए उपनगरीय और मेट्रो परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷यह एक बहुत बड़ा शहर है और हमें मेट्रो और उपनगरीय रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने की जरूरत है। राज्य और केंद्र को समन्वय के साथ काम करना चाहिए। वैष्णव ने कहा, ÷मैंने आज सुबह एक विस्तृत समीक्षा की और अब हम प्रस्ताव कर रहे हैं कि रेलवे, बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के लिए ट्रेन की आपूर्ति करेगा। बेंगलुरू के चारों ओर रेल परियोजना के बारे में उन्होंने कहा कि इस अवधारणा को अब अंतिम रूप दे दिया गया है।

बिजनेस प्लस

सीआईएबीसी ने डंपिंग पर अंकुश लगाने बाजार का विस्तार करने की मांग की

एजेंसी

नई दिल्ली। मादक पेय पदार्थ विनिर्माताओं के संगठन सीआईएबीसी ने शनिवार को सरकार से आयातित स्पिरिट की डंपिंग पर अंकुश लगाने तथा घरेलू उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया।

भारतीय अल्कोहल पेय कंपनियों के परिसंघ (सीआईएबीसी) ने कहा कि भारतीय शराब विनिर्माता आयात शुल्क में कटौती के खिलाफ नहीं हैं, हालांकि उन्होंने चरणबद्ध तरीके से आयात शुल्क में कटौती की मांग की है। भारत ने 13 फरवरी को बॉर्बन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटाकर 100 प्रतिशत कर दिया। यह व्हिस्की मु य रूप से अमेरिका से आयात की जाती है। परिसंघ ने एक बयान में कहा, ÷सरकार से भारतीय कंपनियों की चिंताओं का समाधान करने और एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) वार्ता में समान अवसर सुनिश्चित करने तथा आयातित स्पिरिट की डंपिंग को रोकने के लिए कड़े और प्रभावी उपाय करने का आग्रह किया है। साथ ही भारतीय अल्कोहल उत्पादों के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय पहुंच की मांग की है, जिन पर वर्तमान में कई गैर-शुल्क प्रतिबंध हैं। इसने राज्यों से सीमा शुल्क में कटौती के मद्देनजर आयातित शराब पर दी गई उत्पाद शुल्क रियायतें वापस लेने का भी अनुरोध किया है।

व्यापार समझौते की योजना से निर्यात बढ़ने की उ मीद

अमेरिका के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य

एजेंसी

नई दिल्ली। निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य और द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना से अमेरिका को निर्यात बढ़ाने में भारत को मदद मिलेगी। निर्यातकों ने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने से भारत के निर्यात क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बाधाओं को दूर करके और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय व्यापार

विशेषज्ञ और हाईटेक गियर्स के चेयरमैन दीप कपूरिया ने कहा कि 500 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की उच्चस्तरीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम है। उन्होंने कहा, ÷चूंकि भारत के पास अमेरिका के साथ व्यापार में अधिशेष है, इसलिए यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को निर्यात बढ़ाने के मामले में भारत के लिए महत्वपूर्ण लाभ लाएगा। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों नेताओं ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर बातचीत करने पर सहमति जताई है। कपूरिया ने कहा कि इस निर्णय से उन अमेरिकी निवेशकों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा जो भारत में आना चाहते हैं और भारत में नए निवेश अवसरों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग के लिए यह अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ अमेरिकी कंपनियों के नेतृत्व में जीवीसी (वैश्विक मूल्य श्रृंखला) के साथ जुड़ने का एक बड़ा अवसर है।

भारत, यांमार ने सड़क मार्ग से व्यापार फिर शुरू करने पर चर्चा की

नई दिल्ली। भारत और यांमार ने सड़क मार्ग से सीमा व्यापार फिर शुरू करने पर चर्चा की और इस दिशा में कदम बढ़ाने पर सहमति जताई। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। यांमार के उप वाणिज्य मंत्री यू मिन मिन और वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के बीच 14 फरवरी को यहां हुई बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की गई। उन्होंने दवा, दालों, पेट्रोलियम उत्पादों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और हाल ही में शुरू किए गए रुपया-क्यात व्यापार समझौता तंत्र के अधिक उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

वेलेंटाइन वीक: ग्लोबल मार्केट फोर्सेज और बाजारीकरण

शाहीन सबा

वेलेंटाइन वीक के दौरान कार्यस्थलों, बाजारों, मॉल्स और सोशल मीडिया पर 7 से 14 फरवरी तक खासा उत्साह देखने को मिला। किशोरों से लेकर मध्यम आयु वर्ग तक की दीवानगी बढ़ती जा रही है। तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पिछले डेढ़ दशक से यह प्रवृत्ति तेज हुई है, और पश्चिम से आई इस लहर ने भारत में गहरी पैठ बना ली है। ग्लोबल मार्केट फोर्सेज हमारी भावनाओं को व्यावसायिक रणनीतियों का हिस्सा बना लेती हैं। प्रेम और रोमांस का प्रतीक बनाया गया वैलेंटाइन डे केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक सुनियोजित आर्थिक आयोजन है। चॉकलेट, टेडी बियर, ग्रीटिंग कार्ड से लेकर कंडोम तक, प्रत्येक दिन उपभोक्ताओं को खरीदारी के लिए प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

प्रेम का यह बाजारीकरण केवल उपभोक्तावाद को बढ़ावा नहीं देता बल्कि धीरे-धीरे प्रेम की परिभाषा को वासना और शारीरिक अंतरंगता की ओर मोड़ रहा है। यह परिवर्तन विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए चिंताजनक है, जहाँ प्रेम को आत्मिक संबंध और पवित्रता से जोड़ा गया है। बाजार के दबाव के चलते यह विचार थोप दिया गया है कि प्रेम को तभी सही तरीके से व्यक्त किया जा सकता है जब आप महंगे उपहार खरीदें या कोई विशेष वस्तु दें। अगर हम आंकड़ों की ओर देखें, तो स्पष्ट हो जाता है कि वैलेंटाइन डे केवल एक प्रेमाभिव्यक्ति नहीं बल्कि खरबों डॉलर का उद्योग बन चुका है। Statista के अनुसार, 2025 में अकेले अमेरिका में वैलेंटाइन डे पर खर्च होने वाली राशि 25.9 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है, जो 2010 के 14.1 बिलियन डॉलर से काफी अधिक है। भारत में भी, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, वैलेंटाइन से जुड़ी वस्तुओं की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वैलेंटाइन वीक पूरी तरह व्यावसायिक रणनीति का हिस्सा है। 7 फरवरी को रोज़ डे से इसकी शुरुआत होती है, जिससे फूलों की बिक्री 200-300 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। 8 फरवरी का प्रपोज़ डे ज्वेलरी और सगाई की अंगूठियों की बिक्री बढ़ाता है। 9 फरवरी का चॉकलेट डे वैश्विक

> प्रेम का यह बाजारीकरण केवल उपभोक्तावाद को बढ़ावा नहीं देता बल्कि धीरे-धीरे प्रेम की परिभाषा को वासना और शारीरिक अंतरंगता की ओर मोड़ रहा है। यह परिवर्तन विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए चिंताजनक है, जहाँ प्रेम को आत्मिक संबंध और पवित्रता से जोड़ा गया है। बाजार के दबाव के चलते यह विचार थोप दिया गया है कि प्रेम को तभी सही तरीके से व्यक्त किया जा सकता है जब आप महंगे उपहार खरीदें या कोई विशेष वस्तु दें। अगर हम आंकड़ों की ओर देखें, तो स्पष्ट हो जाता है कि वैलेंटाइन डे केवल एक प्रेमाभिव्यक्ति नहीं बल्कि खरबों डॉलर का उद्योग बन चुका है। Statista के अनुसार, 2025 में अकेले अमेरिका में वैलेंटाइन डे पर खर्च होने वाली राशि 25.9 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है, जो 2010 के 14.1 बिलियन डॉलर से काफी अधिक है। भारत में भी, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, वैलेंटाइन से जुड़ी वस्तुओं की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बिक्री को 30-40 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। 10 फरवरी के टेडी डे पर सॉफ्ट टॉयज़ की मांग चरम पर होती है। हग डे, किस डे और प्रॉमिस डे भावनात्मक उपहारों व डेटिंग ऐप्स की लोकप्रियता बढ़ाते हैं। 14 फरवरी का वैलेंटाइन डे रेस्तरां, परिधान, पर्यटन और उपहार बाजार को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाता है। इस पूरे सप्ताह के दौरान एक विशेष बात जो कम चर्चित होती है, वह है कंडोम की बिक्री में भारी वृद्धि। जहाँ गुलाब,चॉकलेट और ग्रीटिंग कार्ड को वैलेंटाइन के प्रतीक के रूप में दिखाया जाता है, वहीं कंडोम की बिक्री हर साल गुलाब की बिक्री से अधिक हो रही है। वैलेंटाइन सप्ताह में वैश्विक स्तर पर कंडोम की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में 30त्न तक बढ़ जाती है। और अंतर्राष्ट्रीय कंडोम दिवस भी इन लोगो ने 13 फरवरी ही रखा है। संभवतः अब आपको स्पष्ट हुआ होगा इन ग्लोबल मार्किट फोर्सेज की चाल। पहले शारीरिक अंतरंगता के लिए उकसाओ फिर कंडोम के उपयोग के लिए प्रेरित करो!! 2020 में, Snapdeal ने मात्र एक दिन में–14 फरवरी को–1.5 लाख कंडोम पैकेट बेचे, जो गुलाब की बिक्री से अधिक था। ये तो बस एक ऑनलाइन पोर्टल के आंकड़े है लाखों दवा की दुकानों और अन्य छोटे-बड़े पोर्टल्स के माध्यम से हुई कंडोम की बिक्री को जोड़ लें, तो युवा भारत के प्रेम की दिशा और स्वास्थ्य की स्थिति चिंतनीय लगने लगती है।

इसकी सीधी कड़ी यौन जनित बीमारियों (STDs) के बढ़ते मामलों से भी जुड़ी है। सीडीसी रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में, 2015 से 2023 के बीच वैलेंटाइन वीक के बाद STDs के मामलों में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । इसी तरह, यूनाइटेड किंगडम के नेशनल हेल्थ सर्वे ने पाया कि वैलेंटाइन वीक के बाद सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इन्फेक्शन्स निक्स में मरीजों की संख्या 25 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कई देशों में इस बढ़ते संकट से निपटने के लिए 'सेफ सेक्स' हेतु जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साल 2023 में, थाईलैंड ने सुरक्षित संबंधों को प्रोत्साहित करने और किशोर गर्भावस्था व यौन संक्रामक रोगों जैसे सिफलिस, गोनोरिया, क्लैमाइडिया, एड्स और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगभग 9.5 करोड़ कंडोम वितरित किए। हमें सोचना होगा कि एक बाजार-निर्मित उत्सव, जो असंयमित और अनियंत्रित यौन प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है, उससे एक समाज के रूप में हम कैसे बचें। आप इस पर कुछ भी बोलेंगे तो ग्लोबल मार्किट फोर्सेज के एजेंट्स द्वारा प्रतिपादित नैरेटिव की शिकार हो सकते हैं कि आप प्रेम के विरोधी हैं।

भारतीय संस्कृति में प्रेम केवल शारीरिक आकर्षण नहीं, बल्कि समर्पण, त्याग और आत्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। मदनोत्सव और वसंतोत्सव जैसे पर्व प्रेम को मानसिक व आध्यात्मिक मिलन के रूप में देखते हैं, जबकि वैलेंटाइन डे भौतिक उपहारों और व्यक्तिगत इच्छाओं पर केंद्रित है। मदनोत्स्व में संगीत, नृत्य और काव्य के माध्यम से प्रेम की पवित्र अभिव्यक्ति होती है, जबकि वसंतोत्सव प्रकृति और प्रेम की सुंदरता का प्रतीक है। प्रेम एक गहरी भावना है, जो भोगवाद और बाजारीकरण से परे है। भारत, जिसने कबीर, मीरा और राधा-कृष्ण जैसे शाश्वत प्रेम प्रतीक दिए हैं, उसे प्रेम को मात्र एक सप्ताह के दिखावे और खरीदारी तक सीमित नहीं करना चाहिए। क्या हमें ग्लोबल मार्केट फोर्सेज की प्रेम को पैकेजिंग और मार्केटिंग के द्वारा अपने व्यवसायिक लक्ष्यपूर्ति के लिए निर्मित वेलेंटाइन सप्ताह या प्रेम के नाम पर 'वीकली सेल्स स्ट्रेटेजी' का शिकार बनना चाहिए, या अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बनाए रखते हुए प्रेम के शुद्ध और आध्यात्मिक स्वरूप को संजोना चाहिए? यह समय है कि हम वैलेंटाइन वीक जैसी बाजारी-निर्मिति से परे जाकर प्रेम के वास्तविक, आध्यात्मिक और शाश्वत स्वरूप को समझें और उसे अपनाएँ।

साइबर धोखाधड़ी: डिजिटल युग की सबसे बड़ी चुनौती

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारी जिंदगी को आसान बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। डिजिटल स्कैम, जिसे साइबर धोखाधड़ी भी कहा जाता है, आधुनिक तकनीक के विस्तार के साथ एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इन स्कैम्स में अपराधी इंटरनेट, मोबाइल एप्लिकेशन, और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके लोगों को धोखा देते हैं। भारत में डिजिटल स्कैम की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि सामाजिक और मानसिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन ठगी के मामलों में तेजी आई है, जिससे कई परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो गए हैं। सरकार और बैंक लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, सोशल मीडिया, और डिजिटल कम्युनिकेशन के बढ़ते इस्तेमाल ने इस खतरे को और भी अधिक गंभीर बना दिया है।

डिजिटल स्कैम कई प्रकार के होते हैं, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले हैं फिशिंग, फर्जी बैंक कॉल, लॉटरी स्कैम, टेक सपोर्ट स्कैम, केवाईसी अपडेट स्कैम, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, और सिम स्वैप स्कैम। फिशिंग में अपराधी नकली वेबसाइट या ईमेल के जरिए बैंकिंग डिटेल्स और पासवर्ड चुराते हैं, जबकि फर्जी बैंक कॉल में वे खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों से ओटीपी, पासवर्ड और अन्य संवेदनशील जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। लॉटरी स्कैम में लोगों को अचानक बड़ी रकम जीतने की सूचना देकर उनसे टैक्स या फीस के रूप में पैसे ऐंठे जाते हैं। टेक सपोर्ट स्कैम में अपराधी खुद को माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, या किसी अन्य तकनीकी सहायता केंद्र का कर्मचारी बताकर लोगों से बैंक डिटेल्स प्राप्त कर

लेते हैं। केवाईसी अपडेट स्कैम में बैंक या अन्य वित्तीय संस्थाओं के नाम पर मैसेज भेजकर लोगों को केवाईसी अपडेट के बहाने लूट लिया जाता है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम हाल ही में एक बड़ा साइबर अपराध बनकर उभरा है, जिसमें अपराधी पुलिस, सीबीआई, या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर लोगों को ब्लैकमेल कर पैसे वसूलते हैं।

डिजिटल अरेस्ट स्कैम हाल ही में एक बड़ा साइबर अपराध बनकर उभरा है। इसमें अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, या अन्य सरकारी एजेंसियों के अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करते हैं और वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ितों को डराते हैं। वे दावा करते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी-कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी किसी अपराध में शामिल पाया गया है। ऐसे मामलों में, अपराधी पीड़ित से समझौता करने के लिए मोटी रकम मांगते हैं। कई मामलों में, पीड़ितों को घंटों तक वीडियो कॉल पर रखा जाता है ताकि वे किसी से बात न कर सकें। साइबर अपराधी अक्सर अत्याधुनिक तकनीक और नकली सरकारी डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं, जिससे लोग आसानी से उनके जाल में फंस जाते हैं।

भारत में डिजिटल स्कैम की स्थिति काफी चिंताजनक हो गई है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत में 2023 में 20 लाख से अधिक साइबर अपराध दर्ज किए गए। अकेले दिल्ली में 15,000 से अधिक डिजिटल स्कैम के मामले सामने आए। 70% से अधिक साइबर अपराध बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े थे। सरकारी रिपोर्ट्स के अनुसार, गृह मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर दिन औसतन 150 करोड़ का डिजिटल फ्रॉड हो रहा है। 2022 में 5,600 करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अनुसार, 50% से अधिक साइबर अपराधों में बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग किया गया।

डिजिटल अपराधों को रोकने के लिए भारत सरकार ने कई सख्त कदम उठाए हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) साइबर अपराधों की निगरानी और समाधान के लिए स्थापित किया गया है। सिटिजन साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) पीड़ितों के लिए एक ऑनलाइन शिकायत प्लेटफॉर्म है। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 डिजिटल धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों की सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर है। 2023 में सरकार ने लगभग 10 लाख फर्जी सिम कार्ड ब्लॉक किए। इसके अलावा, आरबीआई ने बैंकों को साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए हैं।

दूसरे देशों में भी साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती है। अमेरिका में 2023 में $12 बिलियन (1 लाख करोड़) से अधिक के साइबर फ्रॉड रिपोर्ट किए गए। यूरोपीय संघ ने GDPR (General Data Protection Regulation) कानून लागू किया है, जिससे डेटा चोरी और साइबर अपराधों पर नियंत्रण रखा जा रहा है। चीन ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए अक आधारित साइबर सिक्योरिटी सिस्टम विकसित किया है।

डिजिटल स्कैम से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। किसी भी अनजान कॉल या ईमेल पर भरोसा न करें। ओटीपी और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। सरकारी एजेंसियों के नाम पर आए कॉल्स की पुष्टि करें। साइबर क्राइम पोर्टल पर तुरंत शिकायत करें। बैंकों द्वारा भेजे गए सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। यदि कोई अनजान व्यक्ति बैंक अकाउंट या क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगता है, तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित बैंक को दें।

डिजिटल स्कैम भारत में एक गंभीर समस्या बन चुका है। हर साल लाखों लोग इसके शिकार हो रहे हैं और अरबों रुपये की हानि हो रही है। सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन आम जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। जागरूकता और तकनीकी सुरक्षा उपायों को अपनाकर ही हम इस खतरे से बच सकते हैं। डिजिटल युग में सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है ताकि लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सकें और डिजिटल इंडिया की परिकल्पना को सफल बनाया जा सके। यदि सभी लोग सतर्कता बरतें।

वीरेंद्र कुमार
सामाजिक विश्लेषक

61वाँ म्युनिख (जर्मनी) सुरक्षा सम्मेलन 14-16 फरवरी 2025 का आगाज

भारत एक सफल लोकतांत्रिक देश जो लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का करीब करीब हर देश किसी न किसी वैश्विक मंच में हितधारक होने के नाते से जुड़ा है, जिससे उनके हितों को बल मिलता है व उनके देश के बारे में दुनियाँ को गहराई से जानने में अनेक देश उत्सुक होते हैं, जिससे उन्हें वैश्विक पहचान मिलती है, उनकी खूबियाँ वैश्विक पटल पर आती है। अनेक अंतरराष्ट्रीय मंच अधिकृत हैं जिनमें पारित प्रस्ताव को सभी सदस्य देशों को मानना पड़ता है, तो कई निजी मंच भी होते हैं जिनमें से एक है, म्युनिख (जर्मनी) सुरक्षा सम्मेलन जो अभी जर्मनी के म्यूनिख में 61 वाँ सम्मेलन 16 फरवरी 2025 को समाप्त हुआ, जिसमें तीनों दिन तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री और गृहमंत्री यूक्रेन के राष्ट्रपति सहित 60 से अधिक नेता क्रमवार शामिल हुए। तीन दिनों तक अनेक विषयों पर चर्चा की गई जिसमें यूक्रेन-रूस युद्ध समस्या सुलझाना, लोकतंत्र को मजबूत करना सहित तीनों दिन अनेक विषयों पर क्रमवार चर्चा की गई। इस सम्मेलन में, संवाद के माध्यम से शांति विषय के अंतर्गत, नाटो और यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के वरिष्ठ राजनेताओं, राजनयिकों, सैन्य और सुरक्षा विशेषज्ञोंके साथ- साथ चीन,भारत ईरान जापान दक्षिण कोरिया और रूस जैसे अन्य देशों के वरिष्ठ राजनेताओं, राजनयिकों, सैन्य और सुरक्षा विशेषज्ञों को सुरक्षा और रक्षा नीतियों में वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।सम्मेलन का उद्देश्य सामयिक मुख्य सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करना तथा नेटवर्क सुरक्षा की अवधारणा के अनुरूप वर्तमान और भविष्य में मुख्य सुरक्षा चुनौतियों पर बहस और विश्लेषण करना है। सम्मेलन का मुख्य बिंदु 21वीं सदी में ट्रान्साटलांटिक संबंधों के विकास के साथ-साथ यूरोपीय और वैश्विक सुरक्षा पर चर्चा और विचारोंका आदान-प्रदान है।सम्मेलन निजी तौर पर आयोजित किया जाता है और इसलिए यह कोई आधिकारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं है। इसका उपयोग केवल चर्चा के लिए किया जाता है।चूँकि भारत ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में सहभागी होकर अपने विचार रखे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे 6वें म्युनिख (जर्मनी)सुरक्षा सम्मेलन 14 से 16 फरवरी 2025 का आगाज।

साथियों बात अगर हम म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन को समझने की करें तो, पिछले चार दशकों में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्णयकताओं द्वारा विचारों के आदान-प्रदान के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वतंत्र मंच बन गया है। हर साल यह दुनियाँ भर के 70 से अधिक देशों के लगभग 350 वरिष्ठ लोगों को वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों पर गहन बहस में शामिल होने के लिए एक साथ लाता है। उपस्थित लोगों की सूची में राष्ट्राध्यक्ष,सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख , मंत्री,संसद के सदस्य,सशस्त्र बलों,विज्ञान,नागरिक समाज के उच्च पदस्थ प्रतिनिधि,साथ ही व्यापार और मीडिया शामिल हैं ।यह सम्मेलन हर साल फरवरी में आयोजित किया जाता है।इसका आयोजन स्थल म्यूनिख ,बवेरिया जर्मनी में होता है। इस सम्मेलन में, संवाद के माध्यम से शांति विषय के अंतर्गत, नाटो और यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के वरिष्ठ राजनेताओं, राजनयिकों, सैन्य और सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ-साथ चीन , भारत , ईरान , जापान , दक्षिण कोरिया और रूस जैसे अन्य देशों के वरिष्ठ राजनेताओं, राजनयिकों, सैन्य और सुरक्षा विशेषज्ञों को सुरक्षा और रक्षा नीतियों में वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन का उद्देश्य सामयिक मुख्य सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करना तथा नेटवर्क सुरक्षा की अवधारणा के अनुरूप वर्तमान और भविष्य में मुख्य सुरक्षा चुनौतियों पर बहस और विश्लेषण करना है। सम्मेलन का मुख्य बिंदु 21वीं सदी में ट्रान्साट लांटिक संबंधों के विकास के साथ-साथ यूरोपीय और वैश्विक सुरक्षा पर चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान हैसम्मेलन निजी तौर पर आयोजित किया जाता है और इसलिए यह कोई आधिकारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं है।बाध्यकारी अंतर-सरकारी निर्णयों के लिए प्राधिकरण मौजूद नहीं है। इसके अलावा, सामान्य परंपराओं के विपरीत - कोई आम अंतिम विज्ञप्ति नहीं है। उच्च स्तरीय बैठक का उपयोग प्रतिभागियों के बीच अलग-अलग पृष्ठभूमि चचाओं के लिए भी किया जाता है। अपवाद वैश्विक राजनीतिक निर्णयों की प्रस्तुति है, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच न्यू स्टार्ट निरस्त्रीकरण समझौते के लिए अनुसमर्थन के साधनों काआदान-प्रदान जो 2011 में सुरक्षा सम्मेलन के समापन पर आयोजित किया गया था।

साथियों बात अगर हम म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री भारत द्वारा प्रतिनिधित्व कर अपने विचार प्रकट करने की करें तो, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मुद्दे पर अपने विचार रखे।उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देशों के बीच एकता जरूरी है।पीएम के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक समुदाय के साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद की फंडिंग के लिए सीमा पार संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। साथ ही नई तकनीक के विकास के कारण आतंकवादियों के लिए धन के प्रवाह के लिए उपयोग किए जाने वाले स्रोत, तरीके और चैनल तेजी से पेचीदा होते जा रहे हैं। यह वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन रहे हैं।उन्होंने आतंकी फंडिंग का मुकाबला करने,

आजादी के बाद भारत ने लोकतंत्र को अपनाया क्योंकि हमारी संस्कृति शुरू से ही परामर्श और बहुलतावाद पर आधारित रही है,सराहनीय विचार-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

जोखिमों को लेकर सतर्क होने और नई दिल्ली में आयोजित एनएमएफटी सम्मेलन 2022 की चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय सहयोग के मुद्दे पर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए जर्मन सरकार का आभार जताया।

साथियों बात अगर हम भारतीय विदेश मंत्री द्वारा रखें अपने विचारों की करें तो,भारत चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र के प्रति वफादार है। भारत हमारे सामने आने वाली सभी चुनौतियों के बावजूद, यहां तक ??कि कम आय के बावजूद, लोकतांत्रिक मॉडल के प्रति वफादार रहा है, जो कि दुनियाँ के हमारे हिस्से में भी देखने को मिलता है। हम लगभग एकमात्र देश हैं जिसने ऐसा किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को एक ऐसे लोकतंत्र के रूप में रेखांकित किया जो परिणाम देता है। प्रचलित राजनीतिक निराशावाद से असहमत। विदेशी हस्तक्षेप पर अपने विचार व्यक्त किए। जयशंकर के अलावा, पैनल में नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर, अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लोटकिन और वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोवस्क शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को पोषण सहायता देता है। इस प्रकार उन्होंने अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लोटकिन की इस टिप्पणी का खंडन किया कि लोकतंत्र खाने की व्यवस्था नहीं करता।

साथियों बात अगर हम अंतिम सत्र भूमि बहाली और सुरक्षा पर बातचीत की करें तो, जब भूमि संघर्ष का स्रोत बन जाती है? तीन अरब लोगों के लिए, भूमि उनके अस्तित्व और विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन वैश्विक भूमि का 20 से 40 प्रतिशत हिस्सा पहले से ही क्षरित या क्षरित हो रहा है, कई समुदाय इस महत्वपूर्ण संसाधन को अपनी आँखों के सामने गायब होते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे स्वस्थ भूमि दुर्लभ होती जाती है, उत्पादक भूमि पर प्रतिस्पर्धा और विवाद अधिक होते जाते हैं। पिछले 60 वर्षों में, 40 प्रतिशत अंतरराज्यीय संघर्ष प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े रहे हैं। हालाँकि, भूमि बहाली की सहयोग, लचीलापन-निर्माण और शांति-प्रेरक क्षमता का अभी भी पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया गया है। इस अंतर को पाटने के लिए, मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीसीडी) ने भूमि, शांति और सुरक्षा के बीच संबंधों पर ग्राउंड फॉर पीस रिपोर्ट तैयार की , जिसे थिंक टैंक एडेल्फी रिसर्च ने साकार किया और 2024 में यूएनसीसीडी के 16वें सम्मेलन में प्रस्तुत किया। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर, यूएनसीसीडी और एडेल्फी रिसर्च द्वारा आयोजित यह वातार्लाप इस बात की पड़ताल करता है कि सुरक्षा समुदाय के लिए भूमि क्यों मायने रखती है। यह भूमि क्षरण, संघर्ष और मानव सुरक्षा के बीच संबंधों और संघर्ष को रोकने, सहयोग को बढ़ावा देने और लचीलेपन को मजबूत करने में भूमि बहाली की भूमिका पर प्रकाश डालता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 61वाँ म्युनिख (जर्मनी) सुरक्षा सम्मेलन 14-16 फरवरी 2025 का आगाज।भारत एक सफल लोकतांत्रिक देश जो लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है।आजादी के बाद भारत ने लोकतंत्र को अपनाया क्योंकि हमारी संस्कृति शुरू से ही परामर्श और बहुलतावाद पर आधारित रही है,सराहनीय विचार है।



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

इंग्लैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप से बढ़ा आत्मविश्वास

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम दुबई रवाना

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सफेद टीशर्ट और काले ट्रैकपैंट पहने रोहित शर्मा शनिवार 15 फरवरी को अपनी कार से उतरे और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के डिपार्चर लाउंज में अपने साथियों की ओर चले गए। इस दौरान एंट्री गेट के पास मौजूद प्रशंसक 'रोहित भाई' और 'रोहित सर' के जोरदार नारे लगाते दिखे। भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य टीम बस में एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें मुख्य कोच गौतम गंभीर, उपकप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शामिल थे। हार्दिक पंड्या सबसे देर से एयरपोर्ट पहुंचे। खिलाड़ियों ने कुछ प्रशंसकों को ऑटोग्राफ देकर या हाथ हिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। मुंबई एयरपोर्ट पर जमा हुए प्रशंसक उम्मीद कर रहे होंगे कि रोहित और कोहली की मौजूदगी में टीम एक और आईसीसी ट्रॉफी जीते।

बुमराह के बिना अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय टीम–जून 2025 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद एक और आईसीसी ट्रॉफी जीतने की बढ़ी हुई आशा के बीच भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना हो गई। जसप्रीत बुमराह के बिना भारत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। प्रशंसकों और भारतीय टीम का आत्मविश्वास हाल ही में घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप से बढ़ा होगा।

इंग्लैंड सीरीज में रोहित और कोहली का प्रदर्शन–इस बीच रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ कटक वनडे में 90 गेंदों में 119 रन की शतकीय पारी खेली और कोहली ने अहमदाबाद में अपना 73वां अर्धशतक बनाया। इससे उन्हें कुछ समय के लिए राहत मिली होगी, लेकिन शीर्ष स्तर के क्रिकेट में दोनों के भविष्य के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है।

युवा खिलाड़ियों के लिए मौका

युवा खिलाड़ी शुभमन गिल को वनडे टीम का उप-कप्तान बनाकर प्रमोशन दिया गया। इस प्रारूप में लगभग 61 की औसत रखने वाला बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। इससे उनकी पोजिशन और मजबूत होगी। बुमराह की चोट के कारण अनुपस्थिति अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अवसर है, जबकि वरुण चक्रवर्ती खुद को मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर साबित करना चाहेंगे। इन सभी फैक्टर्स का एकजुट होकर प्रदर्शन निर्धारित करेगा कि भारतीय टीम अगले महीने मुंबई में धमाकेदार जीत के साथ उतरेगी या नहीं।

भारत में जियोस्टार नेटवर्क करेगा चैंपियंस ट्रॉफी का प्रसारण

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 दिनों तक चलने वाली आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपनी प्रसारण व्यवस्था के विवरण की घोषणा की है। चैंपियनशिप में आठ देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन मैच मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को होगा जबकि फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा। भारत में जियोस्टार नेटवर्क चैंपियंस ट्रॉफी का प्रसारण करेगा। डिजिटल पर पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट को 16 फीड्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, जिसमें नौ भाषाएं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ शामिल होंगी। जियो स्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग को चार मल्टी-कैम फीड द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा टीवी पर नेटवर्क स्टार स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स 18 चैनलों पर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ में कवरेज मिलेगी।

डोपिंग मामले में सिनर पर लगा 3 माह का प्रतिबंध

एजेंसी ■ नई दिल्ली

लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम करने वाले विश्व नंबर एक यानिक सिनर पर तीन महीने का प्रतिबंध लगा है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई डोपिंग के मामले में हुई है। शनिवार को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) और सिनर पिछले साल प्रकाश में आए एक मामले में सहमति पर पहुंचे। प्रतिबंधित दवाओं के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद प्रतिबंध से बचने वाले सिनर के खिलाफ वाडा ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट या खेल पंचाट (सीएएस) में अपील की थी। इस मामले की सुनवाई अप्रैल 2025 में होनी थी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ क्योंकि वाडा और सिनर के बीच तीन महीने के प्रतिबंध के लिए समझौता हो गया। यह प्रतिबंध अप्रैल के मध्य तक प्रभावी रहेगा।

वाडा ने यह कहा

इस मामले में वाडा की तरफ से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि सिनर नौ फरवरी से चार मई की रात 11.59 बजे तक अपनी अयोग्यता की अवधि पूरी करेंगे, जिसके बाद वे फ्रेंच ओपन से पहले वापसी के लिए पात्र हो जाएंगे। वाडा ने आगे कहा, सिनर 13 अप्रैल 2025 से आधिकारिक प्रशिक्षण गतिविधि में वापसी कर सकते हैं।

रोहित इंग्लैंड दौरे पर नहीं होंगे भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पिछले कुछ महीनों में टेस्ट प्रारूप में टीम इंडिया का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारत को न्यूजीलैंड की टीम ने उनकी धरती पर ही 3-0 से हराया था और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इस टीम को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारत पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने से चूक गया था।

भारत की इस हार के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी और उनकी बैटिंग पर भी सवाल उठे थे। भारतीय टीम को अब जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है और अब रेड-बॉल क्रिकेट में हिटमैन का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है।

बुमराह होंगे कप्तान

पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक रोहित शर्मा को फिर से भारत की टेस्ट टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है। दरअसल, मौजूदा टेस्ट उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह इस साल जून-जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में भारत की कप्तानी करेंगे। बुमराह के आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी करने की उम्मीद है जो इंजरी की वजह से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए थे। मामले से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि वह (जसप्रीत बुमराह) आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी कर सकते हैं और फिर इंग्लैंड में भारत की अगुवाई कर सकते हैं, क्योंकि रोहित शर्मा को फिर से टेस्ट के लिए चुने जाने की संभावना नहीं है।

श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में खेलने के लिए उत्साहित हैं प्रियांश आर्य

एजेंसी ■ चंढ़ीगण

पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी और धमाकेदार युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

नौ साल की उम्र से क्रिकेट खेल रहे आर्य को किंग्स ने 2025 की मेगा नीलामी में चुना था और वह अपना पहला आईपीएल सीजन खेलेंगे। उन्होने कहा, मैं मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे उनका पुल शॉट बहुत पसंद है। मैं श्रेयस से मिलने के लिए भी उत्साहित हूं, मुझे उनका रवैया और चलने का तरीका बहुत पसंद है। मैं श्रेयस से पहले कभी नहीं मिला था. मुझे लगता है कि वह एक महान कप्तान हैं। उन्होंने एक कप्तान के रूप में आईपीएल और सभी घरेलू ट्रॉफियां जीती हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ हैं। अगस्त 2024 में दिल्ली की घरेलू टी20 लीग में एक ओवर में छह छक्के लगाकर आर्य ने पूरे देश में तहलका मचा दिया था और ऐसा करने वाले चौथे भारतीय क्रिकेटर बन गए। उस पल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने के बाद भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की ओर से उनके लिए एक विशेष संदेश आया। उन्होंने कहा, तीन छक्कों के बाद मुझे विश्वास हो गया कि मैं छह छक्के भी मार सकता हूं, क्योंकि मेरे साथी आयुष बडोनी हर मैच में एक ओवर में चार से पांच छक्के लगा रहे थे।

मेरठ व सहारनपुर के मुक्केबाजों का खिताबी होड़ में दबदबा

■ लखनऊ

मेरठ के छह और सहारनपुर के पांच मुक्केबाजों ने उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के समन्वय से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में शनिवार को आयोजित इस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में लखनऊ के कृष्णा, गौरव, यूसुफ और लक्ष्य को हार का सामना करना पड़ा। तीसरे दिन स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय व आरएस होम सॉल्यूशंस के निदेशक राजीव वोहरा ने सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत कराकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमार, लखनऊ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री और सचिव सहदेव सिंह भी उपस्थित रहे।

आईएसएल : ओडिशा एफसी ने हैदराबाद एफसी को 3-1 से हराया

एजेंसी ■ भुवनेश्वर

ओडिशा एफसी ने यहां कलिंगा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में हैदराबाद एफसी को 3-1 से हरा दिया।

ओडिशा अब 29 अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है और छठे स्थान पर मौजूद मुंबई सिटी एफसी (31) से दो अंक पीछे है। ओडिशा की टीमने खेल में आधे समय तक एक गोल से पिछड़ी थी मगर अगले 45 मिनट में एक के बाद एक तीन गोल कर जीत की दावेदार बन गई। इस प्रकार ओडिशा एफसी ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ भुवनेश्वर में घरेलू मैदान पर अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। दूसरे हाफ में घरेलू टीम लगातार आक्रामक रही और हैदराबाद एफसी को पीछे से आगे तक अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। ओडिशा एफसी अपने अगले मैच में 23 फरवरी को मोहन बागान सुपर जाइंट से खेलेगी, जबकि हैदराबाद एफसी 19 फरवरी को मुंबई सिटी एफसी से भिड़ेगी।

मंत्रालय-महासंघ ने एक-दूसरे पर फोड़ा ठीकरा

भारतीय पहलवान दूसरी रैंकिंग सीरीज से रह सकते हैं बाहर

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरीज से बाहर रहेंगे, चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की जबकि महासंघ ने इस आरोप को खारिज किया। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। दूसरा रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट 26 फरवरी से दो मार्च तक अल्बानिया में होगा।

मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने 30 जनवरी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, डब्ल्यूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ। इसलिए मंजूरी नहीं दी जा सकी। वहीं महासंघ के एक अधिकारी ने कहा, हमने 30 जनवरी को प्रस्ताव भेजा और अगले दिन जवाब आ गया। साइ ने हमसे बैठक का ब्यौरा मांगा था जो हमने तुरंत भेज दिया। उसके बाद से कोई जवाब नहीं मिला।

25 से मार्च तक सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप

–इसके बाद अम्मान में 25 से 30 मार्च तक सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप होगी, मंगोलिया में 29 मई से एक जून तक तीसरी रैंकिंग सीरिज, हंगरी में 17 से 20 जुलाई तक चौथी रैंकिंग सीरीज होगी।



फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अभियान का निराशाजनक अंत

फिरोजा से हारकर गुकेश अंतिम स्थान पर रहे

एजेंसी ■ हैम्बर्ग (जर्मनी)

विश्व चैंपियन डी गुकेश यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच की दूसरी बाजी में ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे। गुकेश इस तरह से इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए और उनके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच जर्मनी के विंसेंट कीमर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खिताब जीता। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआत में सबसे कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को टूर्नामेंट से पहले खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन आखिर में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों की अंतिम स्थिति इस प्रकार रही-1. विंसेंट कीमर, 2. फैबियानो कारुआना, 3. मैग्नस कार्लसन, 4. जावोखिर सिंदारोव, 5. हिकारू नाकामुरा, 6. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, 7. अलीरेजा फिरोजा, 8. डी गुकेश।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)